दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'सही दिशा में किया गया छोटा सा प्रयास भी बड़े परिणामों की शुरुआत होता है; इसलिए कदम छोटा हो या बड़ा, निरंतरता ही सफलता की असली कुंजी है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-127 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 1 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार

Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### दरकते रिश्ते और बढ़ती विवाह उम्र – समाज के लिए चेतावनी का संकेत

आज के बदलते सामाजिक परिवेश में विवाह जैसे पवित्र और स्थायी रिश्ते एक नए संकट के दौर से गुजर रहे हैं। जहां पहले विवाह को जीवन का स्वाभाविक और समयबद्ध संस्कार माना जाता था, वहीं आज यह 'परफेक्ट मैच' और 'सरकारी नौकरी' की प्रतीक्षा में लगातार टलता जा रहा है। परिणामस्वरूप, युवाओं की विवाह योग्य उम्र निकलती जा रही है और रिश्तों में दरारें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरी को लेकर समाज में एक अलग ही आकर्षण और प्रतिष्ठा का भाव बन गया है। यह धारणा इतनी गहरी हो चुकी है कि अधिकांश परिवार अपने बच्चों के विवाह के लिए केवल सरकारी नौकरी वाले वर-वधु की ही तलाश करते हैं। यह सोच धीरे-धीरे एक सामाजिक बाधा बनती जा रही है। माता-पिता और युवा दोनों ही 'सर्वश्रेष्ठ' की तलाश में वर्षों तक प्रतीक्षा करते रहते हैं, लेकिन यह प्रतीक्षा कई बार जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को छीन लेती है। कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की लंबी तैयारी ने युवाओं के जीवन को एक सीमित दायरे में बांध दिया है। पढ़ाई और करियर की दौड़ में वे सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। माता-पिता भी बच्चों के भविष्य की चिंता में विवाह जैसे विषय को टालते रहते हैं। लेकिन यह टालना कब आदत बन जाता है, इसका एहसास तब होता है जब उम्र का एक बड़ा हिस्सा निकल चुका होता है। विशेष रूप से लड़कियों के संदर्भ में स्थिति और भी जटिल हो जाती है। उच्च शिक्षा, तकनीकी डिग्री और प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद परिवारों की अपेक्षाएं और अधिक बढ़ जाती हैं। नौकरी करने वाली लड़की अक्सर अपने समकक्ष या उससे बेहतर स्थिति वाले जीवनसाथी की अपेक्षा रखती है, जो स्वाभाविक भी है। लेकिन जब यह अपेक्षा अत्यधिक ऊंची हो जाती है, तो उपयुक्त रिश्तों की कमी महसूस होने लगती है। दूसरी ओर, समाज में यह भी देखा जा रहा है कि नौकरीशुदा लड़के बिना नौकरी वाली लड़की से विवाह करने को तैयार हो जाते हैं, लेकिन वे भी शिक्षा, परिवार और सामाजिक स्तर को लेकर अपनी शर्तें रखते हैं।

इस असंतुलन का एक गंभीर परिणाम 'बेमेल रिश्तों' के रूप में सामने आ रहा है। जब विवाह केवल सामाजिक दबाव या दिखावे के आधार पर होता है, तो उसमें समझ, सामंजस्य और धैर्य की कमी रह जाती है। ऐसे रिश्ते लंबे समय तक टिक नहीं पाते और छोटी-छोटी बातों पर विवाद उत्पन्न हो जाते हैं। आज यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति बन चुकी है कि विवाह के कुछ ही समय बाद दंपत्ति न्यायालय का रुख कर लेते हैं। इसके पीछे एक और महत्वपूर्ण कारण है–संयुक्त परिवारों का विघटन। पहले जहां परिवार के बुजुर्ग रिश्तों को संभालने और मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे, वहीं अब एकल परिवारों में यह सहारा नहीं मिल पाता। सोशल मीडिया के इस युग में लोग आभासी दुनिया में तो सक्रिय हैं, लेकिन वास्तविक जीवन के रिश्तों को निभाने में असहज महसूस करते हैं। भावनाओं को समझने और व्यक्त करने की क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

यह भी एक कटु सत्य है कि आज की शिक्षा प्रणाली में व्यवहारिक ज्ञान और जीवन कौशल की कमी है। डिग्रियां तो मिल जाती हैं, लेकिन रिश्तों को निभाने की समझ विकसित नहीं हो पाती। विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन होता है, जिसे समझदारी, धैर्य और परस्पर सम्मान से निभाया जाता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज इस विषय पर गंभीर चिंतन करे। विवाह को केवल आर्थिक या सामाजिक स्थिति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे जीवन की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और साझेदारी के रूप में समझा जाना चाहिए। माता-पिता को भी चाहिए कि वे अपने बच्चों पर अवास्तविक अपेक्षाओं का बोझ न डालें और समय रहते उनके जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों में सहयोग करें। युवाओं को भी यह समझना होगा कि 'परफेक्ट' की तलाश में 'उपयुक्त' को खो देना बुद्धिमानी नहीं है। जीवन में संतुलन, समझ और सहयोग ही एक सफल दांपत्य जीवन की कुंजी है। यदि समय पर सही निर्णय नहीं लिए गए, तो रिश्तों की यह दरारें और गहरी होती जाएंगी।

**अंततः**, यह कहना गलत नहीं होगा कि विवाह केवल एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज की स्थिरता और संतुलन का आधार है। यदि इसे समय, समझ और संवेदनशीलता के साथ नहीं निभाया गया, तो इसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज के ताने-बाने को प्रभावित करेगा। अब समय आ गया है कि हम इस दिशा में जागरूकता लाएं और रिश्तों की इस दरकती दीवार को समय रहते संभालें।

# क्रॉस वोटिंग वाले विधायकों को नहीं पर्सनल सुनवाई का मौका

### राज्यसभा चुनाव पर कांग्रेस में हलचल, तीन को बैठक; हाईकमान को रिपोर्ट भेजेगी DPC

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चंडीगढ़** । हरियाणा कांग्रेस में राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ क्रॉस वोट करने वाले विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। यही वजह रही कि पार्टी की अनुशासनात्मक कार्यवाही कमेटी (DPC) की ओर से 5 क्रॉस वोट करने वाले विधायकों को पर्सनल हियरिंग का मौका नहीं दिया है। अब कमेटी की 3 मार्च को होने वाली मीटिंग में 3 विधायकों के शोकॉज नोटिस के आए जवाब और 2 विधायकों के द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिए जाने पर मंथन के बाद रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को सीधे भेजी जाएगी। पार्टी के नेतृत्व की ओर से संकेत दिए गए हैं कि पार्टी लाइन से बाहर काम करने वाले किसी भी विधायकों को बख्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### क्या है पूरा मामला

हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के पास अपने उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को जिताने के लिए पर्याप्त संख्या बल (37 वोट) होने का दावा था, लेकिन 16 मार्च को हुई वोटिंग के दिन कांग्रेस के 5 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी, जबकि 4 विधायकों के वोट अवैध घोषित हो गए। इस 'भीतरघात' ने पार्टी के भीतर हड़कंप मचा दिया है। हालांकि भीतरघात और पुराने अनुभवों को देखते हुए पार्टी ने तीन दिन पहले ही सभी विधायकों को हिमाचल प्रदेश शिफ्ट कर दिया था, जहां से सभी विधायकों को वोटिंग के ही दिन चंडीगढ़ लाया गया था।

### इन 5 विधायकों की 'रडार' पर किस्मत

हरियाणा कांग्रेस ?पार्टी की अनुशासन समिति ने जिन विधायकों को कारण बताओ नोटिस के बाद अब व्यक्तिगत सुनवाई का 3 अप्रैल को मौका नहीं दिया है। इन विधायकों में मोहम्मद इलियास (पुन्हाना), मोहम्मद इसराइल (हथीन), शैली चौधरी (नारायणगढ़), रेनू बाला (सढ़ौरा) और रतिया से विधायक जरनैल सिंह का नाम शामिल है। ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद इलियास और इसराइल ने तेवर कड़े कर रखे हैं, जबकि अन्य विधायक अपनी वफादारी साबित करने की कोशिश में हैं।

**हुड्डा बनाम बागीः** राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के लिए यह प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। हुड्डा ने साफ किया है कि जिन्होंने गद्दारी की है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इससे आने वाले समय में भी ऐसे बागी विधायकों और नेताओं को सबक मिलेगा। पार्टी की ओर से दूसरे राज्यों में भी राज्यसभा चुनाव में ऐसे मामलों में सख्त फैसले लिए गए हैं।

**बीजेपी का 'ऑपरेशन लोटस' या अंतर्कलहः** चर्चा है कि बागी विधायकों में से कुछ ने हाल ही में सत्ता पक्ष के बड़े नेताओं से मुलाकात की है। मोहम्मद इलियास की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी से मुलाकात ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। इसके बाद सियासी गलियारों में चर्चा है कि बीजेपी ने इस राज्यसभा चुनाव में ऑपरेशन लोटस चलाया था, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया।

**श्वष्टद्ब तक पहुंचा मामलाः** कांग्रेस सिर्फ अपनों पर ही नहीं, बल्कि चुनाव अधिकारियों पर भी हमलावर है। हुड्डा का आरोप है कि रिटर्निंग ऑफिसर ने जानबूझकर कांग्रेस के 4 वोट अवैध किए हैं। कांग्रेस ने इसको लेकर श्वष्टद्ब में अपनी शिकायत भी दर्ज कराई है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया है कि यदि आयोग सुनवाई नहीं करता है, तो हमारे नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट भी जाएंगे।

#### विधायकों के जवाब से कमेटी नहीं संतुष्ट

अगर 3 अप्रैल की सुनवाई में ये विधायकों के जवाबों पर कमेटी संतुष्ट नहीं हो पाई, तो कांग्रेस इन्हें पार्टी से निष्कासित कर सकती है। हालांकि, विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण पार्टी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है, ताकि कोई बड़ा गुट अलग न हो जाए। बता दें कि हरियाणा कांग्रेस में यह पहली बार नहीं है जब राज्यसभा चुनाव में 'पेन कांड' या 'क्रॉस वोटिंग' हुई हो, लेकिन इस बार का एक्शन यह तय करेगा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी एकजुट होकर लड़ पाएगी या नहीं।

# लोहिया स्कूल की प्रियांशी कुलहरी ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

लोहिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा प्रियांशी कुलहरी ने 98.20' अंक प्राप्त कर क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के 68 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार परीक्षा परिणाम दिया। 12वीं बोर्ड परीक्षा का साइंस वर्ग कला वर्ग और कॉमर्स वर्ग का परिणाम लोहिया स्कूल का चिड़ावा में अव्वल रहा इसके उपलक्ष्य में विद्यालय प्रशासन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को साफा, माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। संस्था चेयरमैन राम सिंह नेहरा ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से - प्रियांशी कुलहरी 98.20', नेहा ढाका 97', सुमित शर्मा 96.40', खुशबू 95.80', साईना 95.60', समीक्षा शर्मा 95.40', चंदन कुमावत 95.40', नवनीता 95.20', नीलम 95.20', विनिता 95', पूजा 95', याक्षिका 94.40', साक्षी 94.40', अक्षरा शर्मा 94.20', योगेश सैनी 94.20', दिव्या 93.80', निशा 93.60', गार्गी नेहरा 93.60', दीपक 93.60', हर्षिता पिलानिया 93.40', तरुण 93.40', वरुणवी 93.20', नेहा 93.20', पूनम वर्मा 93.20', खुशबू 93.20', अखिलेश 93', गौरव शर्मा 93' सहित अनेक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्था निदेशक जगपाल सिंह यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हुआ है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्य प्रमिला झाझरिया, पूरणमल गजराज, गुलजार खान, हरिराम शर्मा, प्रदीप सोनी, कविता सोनी, श्यामसुंदर मिश्रा, कुलदीप कनोडिया, अनिल कटेवा, संदीप रोहिल्ला, रिजवान, अनुज शर्मा, दीपक शर्मा, पवन जांगिड़, लीला राम राजोरिया, विमलेश जांगिड़, दिनेश जांगिड़, बिजेंदर, शिव कुमार शर्मा मनोज सोमरा, राजकुमार, अमित शर्मा, मनोज, सुरेश यादव, राकेश मान, सुरेश भालोठिया, राजेंद्र भास्कर, नरेश,विकास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।








गार्गी नेहरा ने 93.60' अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया

# एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल पचेरी बड़ी का शानदार परिणामः विनय ने 97.80%अंक के साथ किया टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम में एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल, पचेरी बड़ी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। स्कूल के छात्र विनय पुत्र शिशराम निवासी नयागांव ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में टॉप कर गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि विनय साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है। उसके पिता शिशराम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। विनय की यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और परिवार के त्याग का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि विनय ने 10वीं कक्षा में भी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया था।स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दीपांशु पुत्र सुनील कुमार निवासी गूंति ने 94.80 प्रतिशत, पलक पुत्री लालाराम निवासी रसुलपुर ने 94.40 प्रतिशत, हवासिंह पुत्र मामचंद निवासी ढाणा ने 94.40 प्रतिशत तथा कला वर्ग में संजना पुत्री नरेश कुमार निवासी सांतौर ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 8 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रबंधक निदेशक अतुल जांगिड़ ने बताया कि विद्यालय का लगातार बेहतर परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, टॉपर छात्र विनय के पिता शिशराम ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार जांगिड़ को जाता है, जिन्होंने हर समय बच्चों को प्रेरित और मार्गदर्शन किया।







### प्रेरणादायक मिसाल बना विनय

साधारण परिवार से निकलकर शानदार सफलता हासिल करने वाले विनय ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर सपना पूरा किया जा सकता है। उसकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# प्राइवेट प्ले स्कूल को रजिस्टर्ड करवाना जरूरीः सीडीपीओ स्नेहलता

**ह्वभीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा** । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस संबंध में जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी स्नेहलता ने बताया कि विभाग द्वारा प्राइवेट प्ले स्कूलों के पंजीकरण हेतु आवेदन प्रक्रिया 'सरल हरियाणा पोर्टल' पर शुरू कर दी गई है।उन्होंने बताया कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूल संचालक निर्धारित प्रक्रिया के तहत सरल हरियाणा पोर्टल पर जाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें, ताकि उनके संस्थान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। दस्तावेजों के सफल अपलोड के पश्चात पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों के लिए प्रत्येक नए शैक्षणिक सत्र हेतु मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है तथा पिछले वर्ष में प्राप्त मान्यता वर्तमान सत्र के लिए मान्य नहीं होगी।सीडीपीओ स्नेहलता ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का प्रवेश केवल पंजीकृत प्राइवेट प्ले स्कूलों में ही करवाएं तथा बिना पंजीकरण वाले संस्थानों से सावधान रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण की यह व्यवस्था बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

# झुंझुनूं में संदीप सैनी बनें राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ (रेस्टा) द्वारा संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए झुंझुनूं जिले में संदीप सैनी को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिले के शिक्षकों में खुशी का माहौल है। संदीप सैनी वर्तमान में जीएसएसएस गोठड़ा तगेलान, ब्लॉक धोद (सीकर) में कार्यरत हैं। वे लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र एवं शिक्षक हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। रेस्टा के प्रदेशाध्यक्ष हरलाल सिंह गढ़वाल ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संदीप सैनी की नियुक्ति पर शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।



# गरिमा सैनी ने प्राप्त किए 97.60 प्रतिशत अंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिराना।**



**सुमेर मीणा** । निकटवर्ती चिराना निवासी निवासी प्रभु दयाल सैनी कि दोहिती ने राजस्थान 12 वीं बोर्ड में सफलता का परचम लहराया है।कस्बे के चिराना नौनिहाल गरिमा सैनी ने 12वीं विज्ञान वर्ग में बोर्ड की परीक्षा में 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टोपर किया उसके साथ साथ अपने गांव का नाम भी रोशन किया है गरिमा सैनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता कमला देवी,पिता बसंत कुमार सैनी व गुरुजनों,मामा व नानी को दिया। रिजल्ट आने के बाद छात्रा को विद्यालय परिवार की ओर से मिठाई खिलाकर साफा व माला पहनकर स्वागत किया छात्रा नवज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल 72 देव नगर बैनाड़ रोड जयपुर की छात्रा है गरिमा सैनी ने बताया कि वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही । ननिहाल में मामा मुकेश सैनी पत्रकार सहित नानी व अन्य सभी परिवार जनों ने बधाई दी।



# हार्ट अटैक का जोखिम कम कर सकता है दिन भर में 8 गिलास पानी पीना



पानी जीवन का आधार है। अगर आप दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीती हैं, तो आप खुद को कई गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों से बचा सकती हैं। दिल से जुड़ी समस्याएं आजकल काफी आम हो रही है। कोरोनावायरस महामारी के बाद से युवाओं में भी दिल के जोखिम बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। दिल की समस्याओं के पीछे वैसे तो कई कारण हो सकते हैं। लेकिन ज्यादातर एक खराब और अस्वस्थ जीवन शैली को जिम्मेदार माना जाता है।

पानी जीवन का आधार है। अगर आप दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीती हैं, तो आप खुद को कई गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों से बचा सकती हैं। दिल से जुड़ी समस्याएं आजकल काफी आम हो रही है। कोरोनावायरस महामारी के बाद से युवाओं में भी दिल के जोखिम बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। दिल की समस्याओं के पीछे वैसे तो कई कारण हो सकते हैं। लेकिन ज्यादातर एक खराब और अस्वस्थ जीवन शैली को जिम्मेदार माना जाता है। पर क्या आप जानती हैं कि सिर्फ पानी पीकर भी आप अपने हार्ट फैलियर के जोखिम को कम कर सकती हैं! जी हां, यह बिल्कुल सच है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि की गई है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से हार्ट अटैक का जोखिम कम हो जाता है। चलिए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**जानिए क्या है अध्ययन?**

यह शोध यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन इस बात का दावा करता है कि अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना हार्ट फेलियर के विकास के जोखिम को कम करने में सक्षम है। अध्ययन कहता है कि शरीर को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखने से न केवल हमारे शरीर के जरूरी कामकाज को समर्थन मिलता है, बल्कि भविष्य में होने वाले दिल की गंभीर स्थिति जैसे हार्ट अटैक का जोखिम कम रहता है। हालांकि दिल की बीमारी से बचाव के लिए हम कई प्रकार की चीजों को आजमाते हैं और अपनी जीवन शैली में बड़े बदलाव करते हैं।

**क्या हो सकते हैं हार्ट अटैक के कारण**-दिल की बीमारियां ज्यादातर डायबिटीज और कोलेस्ट्रोल के मरीजों को झेलनी पड़ती हैं। हालांकि हार्ट फैलियर तब होता है जब हमारा दिल शरीर की जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में खून को पंप नहीं कर पाता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस स्थिति से ऑस्ट्रेलिया से 6 मिलियन से ज्यादा अमेरिकी प्रभावित है, जो अमेरिका की आबादी का 2% से ज्यादा हिस्सा है। ज्यादातर मामलों में जिन लोगों को हार्ट फैलियर की समस्या होती है, उनकी उम्र 65 साल से अधिक होती है। हालांकि वयस्कों में भी हार्ट फेलियर होने की संभावनाएं होती हैं।

**जानिए कैसे किया गया यह अध्ययन?**

शोधकर्ताओं की टीम ने 45 से 66 साल के करीब 15000 से ज्यादा लोगों का डाटा जमा किया और उसका विश्लेषण करने की शुरुआत की। यह डाटा उन लोगों का था, जिन्होंने 1987-1989 के बीच एथेरोस्क्लेरोसिस रिस्क इन कम्युनिटीज (एआरआईसी) अध्ययन में दाखिला लिया और 25 साल की अवधि में चिकित्सा यात्राओं से जानकारी साझा की थी। समीक्षा के लिए शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों का चयन करने में, उन लोगों पर ध्यान केंद्रित किया जिनका हाइड्रेशन लेवल सामान्य सीमा के भीतर था। अध्ययन की शुरुआत में ये लोग मधुमेह, मोटापा या दिल की विफलता से पीड़ित नहीं थे। प्रतिभागियों का चयन करने के बाद करीब 11814 लोगों को इस अध्ययन का हिस्सा बनाया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि 1,366 (11.56 प्रतिशत) लोगों में बाद में हार्ट फेलियार की स्थिति विकसित हुई।जलयोजन (॥4स्त्रह्र्इह्लद्बश्ठ्ठ) के साथ संभावित संबंधों का आकलन करने के लिए, टीम ने कई नैदानिक ??उपायों का उपयोग करके प्रतिभागियों की जलयोजन स्थिति का आकलन किया। सीरम सोडियम के स्तर को देखते हुए, जो शरीर के तरल पदार्थ के स्तर में कमी के रूप में बढ़ता है, विशेष रूप से हृदय की विफलता के विकास के जोखिम वाले प्रतिभागियों की पहचान करने में मदद करने में उपयोगी था।

**हार्ट फेलियर और पानी का संबंध**-नतालिया दिमित्रीवा, पीएचडी, प्रमुख अध्ययन लेखक और प्रयोगशाला में एक शोधकर्ता ने कहा राष्ट्रीय हृदय, फेफड़े और रक्त संस्थान कहते हैं कि, नमक का सेवन कम करने के समान, पर्याप्त पानी पीना और हाइड्रेटेड रहना हमारे दिल की सहायता कर सकता है। जिससे हृदय रोग के लिए दीर्घकालिक जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। इस बात का समर्थन शोधकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर किया गया अध्ययन करता है। अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि यदि कोई व्यक्ति अपने शरीर को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड कर सकता है, तो उसे आगे चलकर भविष्य में दिल से जुड़ी बीमारियों खासकर हार्ट फेलियर की संभावनाएं काफी हद तक कम हो सकती हैं।



# साधारण नमक को करें सेंधा नमक से रिप्लेस

## आपकी सेहत को ये लाभ दे सकता है सेंधा नमक का सेवन



अगर आपको ऐसा लग रहा है कि ज्यादा नमक खाने के कारण आपको ब्लड प्रेशर और पाचन संबंधी समस्याएं होने लगी हैं, तो अब आपको अपने आहार में सेंधा नमक शामिल कर लेना चाहिए। उपवास के दौरान ज्यादातर लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं। सेंधा नमक को बाकी नमक के मुकाबले काफी शुद्ध माना जाता है। व्रत के दौरान फलाहार में इसका सेवन किया जाता है। नमक ही कैसा योगिक है जो हमारे शरीर की जरूरतों के लिए काफी ज्यादा आवश्यक है। नमक को यौगिक कहना इसलिए गलत नहीं होगा, क्योंकि यह सोडियम और क्लोरीन से तैयार होता है। नमक हमारे शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को नियंत्रित करता है। हालांकि ज्यादा नमक का सेवन हमें कई मुसीबतों में भी डाल सकता है, जिसमें हाई ब्लड प्रेशर सबसे बड़ी समस्या है। लेकिन सेंधा नमक को साधारण नमक से स्वस्थ माना गया है। केवल व्रत में ही नहीं, आप अपने दैनिक भोजन में भी सेंधा नमक को शामिल कर सकती हैं। यकीनन सेंधा नमक के लाभ जानने के बाद आप खुद को ऐसा करने से रोक नहीं पाएगी। चलिए जानते हैं आखिर क्या है सेंधा नमक और क्यों है यह खास।

**जानिए क्या है सेंधा नमक ?**

सेंधा नमक को शुद्ध नमक इसलिए माना जाता है, क्योंकि इसमें कोई भी रासायनिक प्रक्रिया शामिल नहीं होती। यह पूर्ण रूप से प्राकृतिक है और यह तब तैयार होता है, जब समुद्र या झील का खारा पानी इवोपरेट हो जाता है और सोडियम क्लोराइड के रंगीन क्रिस्टल छोड़ देता है। इसे हलाइट, सैंधव लवना या सेंधा नमक भी कहा जाता है। हालांकि हिमालयन गुलाबी रंग के नमक को भी सेंधा नमक के तौर पर जाना जाता है। पर इसमें कई किस्म मौजूद है। सेंधा नमक साधारण नमक की तुलना में इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें ज्यादा मिनरल्स और कंपाउंड पाए जाते हैं। जो हमारी सेहत को कई प्रकार से लाभ देते हैं। एनसीबीआई पर मौजूद जानकारी के अनुसार, आयुर्वेदिक चिकित्सा में सेंधा नमक का कई प्रकार की बीमारियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आयुर्वेद में सेंधा नमक को काफी मूल्यवान तत्व बताया गया है। आयुर्वेद के अनुसार सेंधा नमक स्वास्थ्य के कई ऐसे लाभ प्रदान करता है, जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में हमारे लिए जरूरी हैं। इसमें सर्दी खांसी का इलाज और पाचन संबंधित समस्याओं से लेकर आंखों की रोशनी दुरुस्त करने तक शामिल है। बाजारों में मिलने वाले कई पाचन आयुर्वेदिक चूर्ण में भी सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। सिर्फ आयुर्वेद ही नहीं विज्ञान भी सेंधा नंबर पर भरोसा करता है।आपने यह बात हमेशा सुनी होगी कि ज्यादा नमक का सेवन आपकी सेहत के लिए हानिकारक होता है। लेकिन यह बात भी सही है कि नमक में पाया जाने वाला सोडियम आपके शरीर के लिए बहुत जरूरी है।और यदि आपके शरीर में सोडियम की मात्रा कम हो जाती है, तब भी आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।एनसीबीआई पर मौजूद एक रिपोर्ट इस बात का दावा करती है कि शरीर में सोडियम की मात्रा बहुत कम होने से खराब नींद, मानसिक समस्याओं, दौरे और आक्षेप का कारण बन सकता है और गंभीर मामलों में, कोमा और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है।हालांकि सेंधा नमक में मौजूद सोडियम की पर्याप्त मात्रा आपके शरीर में सोडियम की कमी को पूरा कर सकती है। लेकिन यह सलाह दी जाती है कि केवल सेंधा नमक पर निर्भर ना रहा जाए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर फौरन अपने डॉक्टर से संपर्क करने की आवश्यकता है।

**आपके मसल क्रैंप को ठीक कर सकता है सेंधा नमक**- एनसीबीआई पर मौजूद जानकारी के अनुसार आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम के असंतुलन को मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक माना जाता है। इलेक्ट्रोलाइट्स आवश्यक खनिज हैं जो आपके शरीर को उचित नर्वस और मांसपेशियों के कार्य के लिए जरूरी हैं। ऐसे में इस समस्या के लिए सेंधा नमक आपकी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सेंधा नमक में कई प्रकार के इलेक्ट्रोलाइट होते हैं, जो मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

# बिना धोए बार बार एक ही गिलास से पीते हैं पानी, तो हो जाएं सतर्क



गर्मी के मौसम में खुद को निर्जलीकरण से बचाने के लिए वॉटर इनटेक बढ़ा देते है। अगर आप दिनभर में एक ही गिलास में बार बार पानी पीते हैं, तो रखना होगा इन बातों का ख्याल। अक्सर बच्चों को घर में सिखाया जाता है कि वॉटर बॉटल कैरी करें और उसी से पानी पीएं। इसके अलावा छोटे बच्चों को अक्सर हम लोग एक सिपर से दिनभर में पानी पिलाते रहते हैं। जहां तक बड़े सदस्यों की बात आती है, वे अपना गिलास सेपरेट रखते हैं, चाहे घर हो या आफिस। अगर आप भी इस आदत के शिकार हैं और बार बार एक ही गिलास से पानी पी रही हैं, तो ज़रा सतर्क हो जाएं।

**गिलास का मेटिरियल कोई भी हो धोना ज़रूरी**-बहुत बार लोग कांच के गिलास का इस्तेमाल करते हैं, ताकि कोई बैक्टीरिया उस पर अपनी जगह न बना सके। विशेषज्ञों की मानें, तो गिलास का मैटीरियल चाहे कोई भी हो बार बार किसी भी चीज को बिना धोएं इस्तेमाल करने से वो संक्रमण का करण बन सकती है। इससे डायरिया और टाइफाइड होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा पेट में ऐंठन, बदन दर्द, बुखार और उल्टी आने का खतरा रहता है।

**देर तक रखे पानी में बढ़ने लगते हैं माइक्रोब्स**- इस बारे में न्यू हैम्पशायर युनिवर्सिटी के एक रिसर्च के मुताबिक माइक्रोआर्गेनिज़्म्स यानि सूक्ष्मजीवों को पनपने के लिए नम वातावरण की आवश्यकता होती है। किसी गिलास या बोतल से अगर हम दिन में 3 से 5 बार भरा हुआ पानी पीते हैं, तो ध्यान रखें कि वे आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। दरअसल, बैक्टीरिया और माइक्रोब्स जब देर तक रखे हुए पानी में बढ़ने लगते हैं, तो ऐसे में पानी के साथ साथ उन्हें भी निगलने का खतरा रहता है, जो कई बार गंभीर बीमारी का कारण साबित हो सकता है। अगर आप बीमार हैं और गीले गिलास में दोबारा पानी पी रहे हैं, तो इससे गिलास में बग्स एकत्रित होने लगते हैं। अगर आप फिर से उसी गिलास में पानी पी रहे हैं, तो उसका धुला हुआ और सूखा हुआ होना बहुत ज़रूरी है।

**पानी को प्रतिदिन रीफिल करना ज़रूरी**-चाहे कंटेनर हो यां बॉटल पानी खत्म होने के बाद ही अक्सर दोबारा रीफिल किया जाता हैं। अगर वो पानी अगले दिन तक खत्म नहीं हुआ, तो उसे पीने से बचें। इससे न केवल उसके पीएच लेवल में कमी आएगी बल्कि इंफेक्शन का खतरा भी बना रहता है।

**किन बीमारियों से हो सकते हैं ग्रस्त**-इससे शरीर में टायफाइड, डायरिया, उल्टी, पेट दर्द और बैक्टीरियल इंफेक्शन का कारण बन सकता है। इसके अलावा फूड प्वाइजिंग का भी शिकार होना पड़ सकता है। दरअसल, गिलास में नमी के कारण नोरोवायरस जैसे वायरस पनपने लगते है। जो इंफेक्शन का कारण साबित हो सकता है।

**बॉटल या गिलास को रोज़ाना धोएं**-बिना धुले गिलास में पानी बार बार पीने से उसमें नोरोवायरस पनपने का खतरा रहता है। ये वायरल आमतौर पर गंदे गिलासों में ही जन्म लेता है। एक एक कर जब बहुत से बैक्टिरिया जमा हो जाते हैं, तो उसे बायोफिल्म कहा जाता है। इस बारे में वीयूई के चीफ मेडिकल ऑफिसर पीटर मिशेल का कहना है कि गिलास को धोकर ही इस्तेमाल करे। उनके मुताबिक इन ग्लासों को धोने और स्क्रब किए बिना इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया बायो फिल्म निर्माण करते हैं। वे उस बायोफिल्म के अंदर रहने लगते हैं। इससे उनकी संख्या में इज़ाफा होने लगता है। दरअसल, इससे उनकी संख्या ढ़ने में मदद मिलती है।

**बिना ढ़के गिलास को न रखें**×विशेषज्ञों के मुताबिक पानी से भरा हुआ जो घेटों से बिना ढ़के रखा हुआ है, वो कई प्रकार के बैक्टिरिया के संपर्क में आ जाता है। दरअसल, हवा में मौजूद कण गिलास या ओपन बॉटल में अपनी जगह बनाने लगते है। ऐसे में पीने वाली पानी से भरे हुए किसी भी बर्तन को ओपन न छोड़ें।

# राजस्थानी स्वाद की पहचान बन गई है प्याज की कचौड़ी



जब राजस्थान की बात आती है तो सबसे पहले वहां के खानपान का जिक्र आता है। राजस्थानी पकवान दुनिया भर में राजस्थान की पहचान बन चुके हैं। आज जब दुनिया भर में राजस्थानी लोग राजस्थान दिवस मना रहे हैं, तो क्यों न उस खास स्वाद को याद किया जाए तो नाश्ते से लेकर डिनर तक में कभी भी परोसा जा सकता है। जी हां, हम बात कर रहे हैं राजस्थानी प्याज की कचौड़ी की। प्याज की कचौड़ी न केवल टेस्टी है, बल्कि ये इस बदलते मौसम में आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। तो बिना देर किए नोट कीजिए प्याज की कचौड़ी की रेसिपी और इसके स्वास्थ्य लाभ । राजस्थान भारत का एक सुंदर राज्य है और आज के दिन को राजस्थान स्थापना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। प्याज की कचौड़ी वैसे तो कई राज्यों में बनाई जाती है, लेकिन राजस्थानी स्टाइल से इस कचौड़ी में अलग ही स्वाद मिलता है। कचौड़ी में मौजूद प्याज आपको गर्मी से लड़ने में काफी सहायता प्रदान करता है और यह आपकी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। राजस्थान एक गर्म इलाका है, जहां प्याज का सेवन करना सेहत के लिए जरूरी हो जाता है। **सेहत के लिए क्यों जरूरी है प्याज का सेवन**-प्याज आपकी दिल की सेहत से लेकर आपकी ब्लड शुगर लेवल तक को कंट्रोल करने में सक्षम है। प्याज में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आपको कई लोगों से दूर रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा प्याज में पोटैशियम, सोडियम, फोलेट, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। **आपकी बोन हेल्थ के लिए अच्छी है प्याज**-प्याज का पर्याप्त मात्रा में सेवन आपकी बोन हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर पर मौजूद जानकारी के अनुसार सिर्फ एक प्याज में 25.3 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। हमारी मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा हमारे शरीर में होनी बहुत जरूरी है। **आपकी इम्यूनिटी बूस्ट करने में सक्षम है प्याज**-देश में कोरोना वायरस महामारी के वक्त से लोगों ने अपनी इम्यूनिटी को मजबूत करने के कई उपाय खोज हैं। हालांकि प्याज का सेवन काफी आसानी से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट करने में आपकी मदद कर सकता है। दरअसल प्याज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपकी इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करते हैं। जर्नल ऑफ मेडिएटर्स ऑफ इंफ्लेमेशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार प्याज की रासायनिक संरचना इतनी मजबूत है कि यह प्रतिरक्षा बढ़ाने में मदद करती है और इसमें कैंसर विरोधी गुण भी होते हैं। प्याज का सेवन आपकी आंखों के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद हो सकता है खासकर तब जब आपको कंजेक्टिवाइटिस जैसी समस्या घेर ले। दरअसल प्याज का सेवन सेलेनियम विटामिन ई के उत्पादन में मदद करता है, जो आंखों की रोशनी में सुधार और कंजेक्टिवाइटिस जैसी समस्या से आपको निजात दिलाने में सहायता करता है।

# एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चिड़ावा का शानदार रिकॉर्ड: 72 विद्यार्थियों ने 90'+ अंक हासिल कर रचा इतिहास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चिड़ावा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया। संस्थान के रिकॉर्ड 72 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि पूरे चिड़ावा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में तीनों प्रमुख संकायों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। विज्ञान संकाय में विवेक महला (97.80'), कला संकाय में स्नेहा डेला (96.80') तथा एग्रीकल्चर संकाय में प्रिया (94.80') ने अपने-अपने वर्ग में टॉप कर चिड़ावा स्तर पर श्रेष्ठता स्थापित की। इसके अलावा भी अनेक विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। प्रमुख रूप से प्रिया (97'), आशीष यादव (96.40'), सियाराम (96.20'), हितेश (95.60'), साक्षी (95.40'), पायल जांगिड़ (95.20'), अस्मिता सैनी, तनीषा (94.80'), साक्षी नेहरा (94.20'), टीना कटारिया (94.20'), अंजलि (94.00'), चिराग सोलंकी (94.00'), निखिल (94.00'), रिया (94.00') तथा सजल सागवान (94.00') सहित कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के चेयरमैन सुनील कुमार डांगी, प्रबंधक समिति व मैनेजमेंट सदस्यों द्वारा सभी टॉपर्स विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का साफा बांधकर, माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुनील कुमार डांगी ने कहा कि इस सफलता का मूल मंत्र संस्कारयुक्त वातावरण, निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं शिक्षकों के प्रति विश्वास है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विवेक महला पुत्र अशोक कुमार अंक - 97.80 प्रतिशत (विज्ञान वर्ग)



स्नेहा डैला पुत्री बाबुलाल अंक- 96.80 प्रतिशत (कलां वर्ग)



संस्थान के सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अग्रणी केंद्र है। उल्लेखनीय है कि संस्थान द्वारा एम.डी. करियर लाइन, चिड़ावा में कक्षा 6 से 10 तक प्री-फाउंडेशन, 11वीं-12वीं फाउंडेशन के साथ-साथ आईआईटी, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के टारगेट बैच भी संचालित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

## हुनर और मेहनत की जीत: सियाराम ने 96.20 प्रतिशत अंक से किया स्कूल गौरवान्वित

12वीं कक्षा के विज्ञान वर्ग के परिणाम में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चिड़ावा के छात्र सियाराम ने 96.20' अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही सियाराम ने अपने माता-पिता, गुरुजनों और गांव का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। चिड़ावा के निकट स्थित गांव ओजटू निवासी सियाराम पुत्र विनोद मेघवाल ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह मुकाम हासिल किया। सियाराम के पिता विनोद मेघवाल मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। सियाराम के बड़े भाई रोहित ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है और स्कूल में लगातार टॉपर रहा है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर सुनील कुमार डांगी को दिया, जिन्होंने हर समय सियाराम को मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। स्वयं सियाराम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता की मेहनत और स्कूल के शिक्षकों को देते हुए कहा कि 'मेरे पिता मजदूरी करके हमें पढ़ाते हैं, उनकी मेहनत ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। स्कूल के डायरेक्टर और शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर मैंने यह मुकाम हासिल किया है।' वहीं, स्कूल के निदेशक सुनील कुमार डांगी ने सियाराम की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 'हुनर हर व्यक्ति में होता है, फर्क सिर्फ इतना है कि कोई उसे निखार लेता है और कोई नहीं। सियाराम ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया कि लगन और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सियाराम की इस शानदार सफलता ने एक बार फिर एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार ने भी छात्र को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। साधारण परिवार से आने वाले सियाराम की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है। उसकी मेहनत और संघर्ष यह संदेश देती है कि आर्थिक अभाव कभी भी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बन सकते, अगर लक्ष्य पाने का जुनून हो।



## राजस्थान हाईकोर्ट ने डॉ. तेजपाल कटेवा का APO आदेश किया रद्द, सरकार को लगाई फटकार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में झुंझुनू के डॉ. तेजपाल कटेवा के विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा जारी 'पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा' (APO) के आदेश को असंवैधानिक और 'कानूनी दुर्भावना' करार देते हुए निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति आनंद शर्मा की पीठ ने सरकार की कार्रवाई को प्रशासनिक शक्तियों का दुरुपयोग बताया। डॉ. कटेवा को 29 अक्टूबर 2025 को बिना किसी ठोस कारण के APO पर रखा गया था। हाईकोर्ट ने अपने 30 पृष्ठों के निर्णय में स्पष्ट किया कि विभाग ने निर्धारित CCA नियमों के बजाय प्रताड़ित करने के लिए APO का अप्रत्यक्ष मार्ग चुना, जो 'शक्ति का छद्म प्रयोग' है। कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के पूर्व के फैसले को भी 'विकृत' बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया है कि डॉ. कटेवा को तत्काल किसी उपयुक्त पद पर नियुक्त किया जाए। विशेषज्ञों ने इसे 'कानून के शासन' की जीत और मनमानी करने वाले अधिकारियों के लिए कड़ा संदेश बताया है।



## चिड़ावा का परमहंस PCP स्कूल बना साइंस रिजल्ट का 'पावरहाउस', 80 छात्रों ने 90'+ लाकर रचा इतिहास, विद्यालय में जश्न का माहौल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर परमहंस PCP स्कूल ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए विज्ञान संकाय के परिणामों में रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न सिर्फ स्कूल बल्कि पूरे चिड़ावा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र के शैक्षणिक इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जा रही है। संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ ने बताया कि इस बार विद्यालय का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थी रहे, जो चिड़ावा क्षेत्र में सर्वाधिक हैं। 95' से अधिक 17 विद्यार्थी वहीं कुल 196 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की छात्रा रेणु कुमारी पुत्री राकेश ने 97.40' अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया और चिड़ावा क्षेत्र में भी अपना परचम लहराया। याशिका पुत्री जोगेंद्र सिंह ने 97.20', कुमारी खुशी पुत्री कृष्ण कुमार व रेखा पुत्री राकेश कुमार ने 97', प्रिंस कँवर 96.40', खुशी कुसुम शर्मा एवं मोनिका के 96', कनिष्का 95.80', मुस्कान सैनी 95.40',अंशिक एवं आरजू ने 95' अंक लाकर टॉपर्स की लिस्ट में अपनी जगह बनाई। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में गर्व और उत्साह का माहौल है। संस्था निदेशक मनोज जांगिड़ ने इस ऐतिहासिक परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि PCP स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करता रहेगा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया। डीजे और मिठाइयों के साथ विद्यार्थियों की इस सफलता का उत्सव मनाया गया। टॉपर्स विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के इस शानदार परिणाम से पूरे चिड़ावा क्षेत्र में खुशी की लहर है और हर कोई विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की सराहना कर रहा है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## देवलावास की नोबल स्कूल का जलवा: विज्ञान व कला वर्ग में उत्कृष्ट सफलता



अंशु पुत्री सुरेंद्र सिंह अंक- 96.40%



जीविषा पुत्री सुनील कुमार अंक- 96.40%



कुमारी नीतिका पुत्री राकेश कुमार अंक- 95.20%



अन्नू कुमारी पुत्री राजमोहन अंक- 95.20% (कलां वर्ग)

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के विज्ञान एवं कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में नोबल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवलावास के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परिणाम इस वर्ष भी अत्यंत सराहनीय रहा, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान वर्ग में छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जीविषा पुत्री सुनील कुमार निवासी भूरिवास तथा अंशु पुत्री सुरेंद्र सिंह निवासी देवलावास ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कुमारी नितिका पुत्री राकेश कुमार निवासी मेघपुर ने 95.20 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता दर्ज की। इसी प्रकार कला वर्ग में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अनु कुमारी पुत्री राजमोहन निवासी चुडीना ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण के कारण लगातार बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

### क्षेत्र में खुशी का माहौल

विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम से देवलावास सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

### मेहनत और लगन का परिणाम

विद्यार्थियों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा में मेहनत की जाए तो हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि लगन और परिश्रम से सफलता निश्चित है।

## कैंब्रिज स्कूल सिमनी का शानदार रिजल्ट: स्नेहा यादव ने 98.40% से किया टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज स्कूल सिमनी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय की छात्रा स्नेहा यादव पुत्री अरविंद यादव ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि झुंझुनूं जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों का साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। संस्था निदेशक रहीश यादव ने उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान और अनुशासनप्रिय बनाना है।

प्रधानाचार्य रविन्द्र जांगिड़ ने बताया कि इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है, जो संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि स्नेहा यादव ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कृति पुत्री संदीप कुमार ने 96.20', ऋतिक पुत्र राम सिंह ने 92.60', नेहा पुत्री धर्मवीर ने 91.40', अलका पुत्री सुभाष चंद्र ने 90.80', सेजल पुत्री राजेश कुमार ने 90.20', रोहित पुत्र बलबीर ने 90.20' तथा स्नेहा पुत्री सुरेश कुमार ने 90' अंक प्राप्त किए। कुल 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। कैंब्रिज ग्रुप के चेयरमैन हरिकृष्ण यादव ने भी सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न ब्लॉकों के प्रधानाचार्य सुनील राव, काजल डूडेजा, श्रीमती राजेश यादव सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।




### प्रेरणा बना परिणाम

कैंब्रिज स्कूल सिमनी का यह शानदार परिणाम एक बार फिर यह साबित करता है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के विद्यार्थियों की यह सफलता क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है।

## जयपुर के सोनू मेहरा ने रोंका प्रदेश, विज्ञान वर्ग में हासिल किया टॉप स्थान



**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

**रमेशचंद ।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की विज्ञान वर्ग की बारहवीं कक्षा के परिणामों में जयपुर के सोनू मेहरा ने प्रदेश में टॉप स्थान हासिल किया है। सोनू ने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर 99.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। सोनू मेहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटिका ब्लॉक में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर रहे थे। सोनू के रोल नंबर 2597858 हैं और उन्होंने अपने प्रदर्शन से न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने विद्यालय और गाँव का भी नाम बढ़ाया है। सोनू के पिताजी विनोद बैरवा जयपुर में रहकर मज़दूरी का कार्य करते हैं, जबकि उनकी माता गुड्डी देवी गृहणी हैं। सोनू के अलावा परिवार में दो बहनें भी हैं। सोनू ने अपने अध्ययन का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के गुरूजनों को दिया है। सोनू आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं और IAS की तैयारी षकरना चाहते हैं, जिससे उनके माता-पिता और गाँव का नाम रोशन हो सके। सोनू की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

## नीमराना में श्रमिक एकता यूनियन की सशक्त बैठक, संघर्ष को तेज करने का लिया संकल्प




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** रुचि ब्रेवरी श्रमिक एकता यूनियन (सीटू) नीमराना के धरना स्थल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न यूनियनों के संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछले 5 सालों से चले आ रहे संघर्ष को मजबूत करना और आपसी एकता को बढ़ावा देना था। बैठक में मुख्य इंडिया IUF डायरेक्ट प्रवीण कोटकर, सीटू राज्य कमेटी सचिव हरेंद्र सिंह, सोनीपत ब्रेवरी लिमिटेड से देशराज यादव, विजय रावत, राजू, अनंत्य बहरा, औरंगाबाद यूनियन अध्यक्ष नागनाथ बड़े, विजय खरे, समाधान शुरसे, और रोचीज ब्रेवरी श्रमिक एकता यूनियन अध्यक्ष खेल करण चौधरी, महामंत्री झूथा राम सैनी, ओम प्रकाश यादव ने सभा को संबोधित किया पदाधिकारियों ने गैर कानूनी तरीके से निकाले गए पुराने कर्मचारियों को वापस नहीं लेने तक और मैनेजमेंट द्वारा अड़ियल रवैया रखने पर इस संघर्ष को और तेज करने की चेतावनी दी। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने और एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## नीमराना में चंबल जल परियोजना का काम शुरू, 1012 करोड़ की लागत से होगा विकास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** राज्य बजट की घोषणा के तहत नीमराना में 1012 करोड़ रुपए की जल परियोजना पर काम शुरू हो गया है। इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश की चंबल नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को पेयजल और सिंचाई की सुविधा मिलेगी। जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर और भाजपा नेता बलवान सिंह यादव ने बताया कि जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। योजना के तहत मुख्य जलाशय ढोडाकरी और बेलनी क्षेत्र में विकसित होंगे, और अन्य छोटे जलाशयों में भी जल आपूर्ति की जाएगी। इस परियोजना से औद्योगिक क्षेत्र को स्थाई जल आपूर्ति मिलेगी, किसानों को सिंचाई में सुविधा होगी, और आम जनता की पेयजल समस्या का समाधान होगा। नीमराना औद्योगिक ढांचे को मजबूती मिलेगी, और भूजल पर निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी। मुख्य सचिव श्रीनिवासन ने कहा था कि नीमराना औद्योगिक क्षेत्र को सरकार रोल मॉडल के तौर पर देख रही है, और पानी की समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में चंबल नदी से पानी लाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इस अवसर पर नीमराना प्रधान संतोष यादव, वेद प्रकाश खबरी, प्रेम देवी छिल्लर, अजीत यादव, अमन शर्मा, माया श्याम, सुंदर विजय देवी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर संपन्न

## कंज्यूमर वॉइस एजेंट के रूप में कार्य करेंगे स्काउट गाइड

## क्रय वस्तुओं का बिल लेना उपभोक्ता का अधिकार - मील

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



**अरूण मूंड ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार रोवर रेंजर स्काउट गाइड एवं प्रेसिडेंट अवॉर्ड स्काउट प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का आयोजन उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज मील के मुख्य आतिथ्य, जेजीटी विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ.मधु गुप्ता की अध्यक्षता एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा समाजसेवी मनीष अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेजेटी विश्वविद्यालय की मधु गुप्ता ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग के माध्यम से बालक बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होता है और महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को भी प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मुहिम को और अधिक आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, अतः हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पद से संबोधित करते हुए मनीष अग्रवाल ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग भारतीय संस्कृति को जीवित रखते हुए समाज सेवा जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है ।अग्रवाल ने इस दौरान स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। स्काउट्स कार्यालय 10 स्लीपिंग बैग भेंट किए।

इस दौरान मुख्य अतिथि पद को सुशोभित करते हुए उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने कहा कि स्काउट गाइड द्वारा पूरे जिले में न्याय योद्धा के रूप में कार्य करने की मुहिम चलाई जाएगी तथा जिले के स्काउट गाइड कंज्यूमर वॉइस एजेंट के रूप में कार्य करेंगे जो कि उपभोक्ताओं को जागरूक करेंगे ।किसी सामग्री के क्रय करने पर उसका बिल लेना उपभोक्ता का अधिकार है ,उन्होंने उपभोक्ता देवों भव के दृष्टांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उपभोक्ता है तो बाजार है, बाजार है तो अर्थव्यवस्था है और अर्थव्यवस्था है तो शासन है । उन्होंने कहा कि जिलेभर में मुहिम चलाते हुए स्काउट गाइड के माध्यम से दस हजार महिलाओं छात्राओं को इस मुहिम से जोड़ा जाएगा ।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस शिविर के दौरान उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्काउटर गाइडर, ट्रेनिंग टीम के सदस्यों एवं रोवर्स रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### कैंप फायर में झूमे स्काउट गाइड

रात्रि में विशाल शिविर ज्वाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्काउट गाइड जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा के मुख्य अतिथि एवं कैप्टन विद्याधर की अध्यक्षता एवं स्काउट प्रधान नवलगढ़ मुरली मनोहर चोपदार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कैंप फायर में स्काउट गाइड जमकर झूमे। इस दौरान निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। स्काउट जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने बताया कि हमें समन्वित प्रयासों से झुंझुनू जिले की स्काउट गाइड को आगे बढ़ाना है। इस दौरान कैप्टन विद्याधर ने कहा कि देश में युद्ध आपातकाल के समय आंतरिक स्थितियों को संभालने हेतु स्काउट्स गाइड्स अपनी सेवाएं निस्वार्थ भाव से देते हैं।

# गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**



**सुमेर मीणा ।** कस्बे सहित छापोली गांव श्री देवनारायण रेस्टोरेंट होटल के पास देवसेना जिलाध्यक्ष झुंझुनूं रोहिताश गुर्जर डोई एवं सुभाष गुर्जर छापोली के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं उदयपुरवाटी पुर्व विधायक शुभकरण चौधरी का भव्य स्वागत किया गया है गुर्जर समाज के मसीहा स्व श्री कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला जी चतुर्थी पुण्यतिथि पर मड़ावरा गांव में रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमें गृह राज्यमंत्री एवं पुर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने शिरकत जाते समय छापोली स्टेंड रास्ते में स्वागत किया गया इस मौके पर बाबुलाल हलवाई,मनोज कसाणा,विनोद गुर्जर,रोशन कसाणा नेवरी, सिंगर देव गुर्जर, देवेंद्र सैनी, संदीप जांगिड़, रोहिताश बैंसला,लोकेश गुर्जर,राकेश गुर्जर,रामप्रकाश सैनी,विक्रम मीणा,साजिद खान,राकेश डोई,अशोक चेची, योगेश यादव,नेक मोहम्मद,ओमी किरोड़ी,किशोर चनेजा सुखपुरा,मनोहर बावता,किशोर बावता मोनू बगड़ावत,महिपाल ,विकास यादव,मुकेश डोई,धोलू जाट, आदि लोग मौजूद रहें।

दूसरी ओर आज कस्बा उदयपुरवाटी में एक दिवसीय दौरे पर आये गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम का मंडल अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी के नेतृत्व में कस्बे की कृष्णा होटल में माला व दुपट्टा पहनाकर कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया । इस दौरान पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ,महामंत्री राजेंद्र ढेनवाल ,अशोक सैनी उपाध्यक्ष शंभू दयाल सैनी गिरधारी लाल राठी प्रभु दयाल सैनी दौलत राम चावरिया मुकेश मीणा विकास सैनी सुरेश सैनी रण सिंह चौधरी विनोद कड़वासरा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# M.R.S. स्कूल चिड़ावा का बोर्ड परीक्षा में दबदबा, शत-प्रतिशत रहा परिणाम, मेधावी सितारों का हुआ भव्य अभिनंदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**






शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले एम.आर.एस स्कूल ने एक बार फिर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। मंगलवार को घोषित राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत (100') रहा। जहां कीर्ति मालसरिया वेदांत, रिधिमा, देवांश ने 92', 92', 91.60', 91.40' के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक सफलता की खुशी में विद्यालय प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल रहा, जहाँ मेधावी छात्र-छात्राओं का उनके अभिभावकों के साथ भव्य स्वागत किया गया। बोर्ड परीक्षार्थियों की सफलता के साथ-साथ विद्यालय में सत्र 2025-26 का वार्षिक शैक्षणिक परिणाम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई मनमोहक रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई। संस्था सचिव अरविंद दाधीच के सफल संचालन में आयोजित इस समारोह में सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार' ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं के टॉपर्स का भी विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ह कैलाश सिंह काविया, संस्था निदेशक अनिल दाधीच और प्रबंध निदेशक लेफ्टिनेंट आर. डी. शर्मा (सेवानिवृत्त) ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सुनील कुमार ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए एम.आर.एस स्कूल को 'मेरा सही चुनाव, मेरा सही स्कूल' के रूप में परिभाषित किया। संस्था निदेशक अनिल दाधीच और सचिव अरविंद दाधीच ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासन का प्रतिफल है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया।

# SMS स्कूल उदयपुरवाटी ने लहराया परचम










**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** एसएमएस स्कूल उदयपुरवाटी ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में एक बार पुनः शानदार परीक्षा परिणाम देकर के अपना परचम लहराया। 12वीं कला वर्ग में बोर्ड परीक्षा में बेटे मोहित मीणा पुत्र रमेश मीणा ने 98' अंक प्राप्त करके उदयपुरवाटी टॉप किया। स्कूल साइंस वर्ग में दीपिका बड़सीवाल पुत्री राजू बड़सीवाल 96.80', प्रिया सैनी पुत्री राजेंद्र प्रसाद ने 95.60' ,रिंकू गुर्जर पुत्री कैलाश चंद्र गुर्जर ने 95.60', अंकित गुर्जर पुत्र पदमाराम गुर्जर 95.20' अंक प्राप्त किये ।प्रधानाचार्य प्रभु दयाल सैनी ,निदेशक बंशीधर चौधरी ,अध्यक्ष रामावतार सैनी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की व उज्जवल भविष्य की कामना की।





# नेताजी आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया इतिहास

## छात्रा रौनक जांगिड 97.60प्रतिशत व इति शर्मा 94' के साथ अव्वल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लोकेशन/मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** शहर के गढ़ रोड स्थित सुप्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान नेताजी आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ने वर्ष 2026 की कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर दी है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि 'मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता, और जो तपता है वही सोना बनता है।' इस बार के परीक्षा परिणामों ने पूरे क्षेत्र में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन की मजबूत पहचान को और भी सुदृढ़ किया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा रौनक जांगिड ने कला वर्ग में 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता के शिखर को छुआ, वहीं इति शर्मा ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। इन दोनों छात्राओं की उपलब्धि ने यह संदेश दिया कि 'जहां लगन हो, वहां मंजिल खुद रास्ता बनाती है।' परिणामों की यह चमक अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। यदि समग्र परिणाम पर नजर डालें तो विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि दो विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही तीन विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक और आठ विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय के सफलता ग्राफ को मजबूत आधार प्रदान किया है। यह सामूहिक उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय में शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुकी है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल छा गया। टॉपर विद्यार्थियों को विद्यालय बुलाकर साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया, साथ ही मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की गई। इस दौरान 'मेहनत रंग लाई, सपनों ने उड़ान भरी' जैसे भाव हर चेहरे पर साफ झलकते नजर आए। निदेशक योगेश खंडेलवाल सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में और बड़े कीर्तिमान स्थापित करने की प्रेरणा बनेगी।

# शेखावाटी अंचल की 4 विभूतियां का महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 के लिए हुआ चयन

## शिक्षाविद शर्मा,परोपकारी लखोटिया, समाजसेवी इंदौरिया व तंवर को फुले अवार्ड से नवाजा जाएगा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**









शिक्षा, चिकित्सा, सेवा व परोपकार के क्षेत्र में कार्यरत एवं जिला प्रशासन से सम्मानित संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से प्रतिवर्ष दिए जाने वाले शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड इस वर्ष शेखावाटी की चार विभूतियों को प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी ने बताया कि ट्रस्ट के चैयरमेन महेश कुमार बागड़ी के निर्देश पर मनोज कुमार सैनी के संयोजकत्व में गठित ग्यारह सदस्यीय कमेटी की ओर से ट्रस्ट को भेजें गये नामों पर विचार करने के बाद ट्रस्ट ने मंगलवार को शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 की घोषणा की गई। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजकुमार भादरा व कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश बागड़ी ने बताया कि शेखावाटी अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले रामकृष्ण शर्मा को (मरणोपरांत) शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 से नवाजा जाएगा जबकि श्री कुमार लखोटिया को परोपकार के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने के लिए व बनवारी लाल इंदौरिया एवं जगदीश प्रसाद तंवर को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 से नवाजा जाएगा। ट्रस्ट के चैयरमेन ने बताया कि अवार्ड से सम्मानित होने वाली विभूतियों को समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर 13 अप्रैल 2026 को आयोजित लक्ष्मनगढ स्थित आनंद विला बागड़ी कोठी में अवार्ड प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक सरकारी सेवा में चयनित सैनी युवाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संतों के सानिध्य में 13 अप्रैल 2026 सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा, शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड व सरकारी सेवा चयनित युवाओं के सम्मान समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का आतिथ्य रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी मौजूद रहेंगे वहीं स्थानीय प्रबुद्ध जनों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी। ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से इससे पूर्व समाजसेवी बलबीर सारण, शिक्षाविद् सत्यनारायण बबेरवाल, समाजसेवी रामप्रसाद राकसिया, शिक्षाविद डॉ नगेन्द्र सिंह नाथावत, शिक्षाविद् सांवरमल शर्मा बंधुजी (मरणोपरांत), शिक्षाविद भोलाराम टांक, भामाशाह समाजसेवी रामलाल कच्छावा, प्रशासनिक अधिकारी सांवरमल प्रजापत को शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड से नवाजा गया जबकि श्रीमती संजना सैनी, श्रीमती निर्मला महरिया, श्रीमती सुनीता सैनी, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती आरती राकसिया, डॉ श्रीमती अर्चना पुरोहित, श्रीमती हेमलता सैनी, श्रीमती किरण सैनी, श्रीमती अलका शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में जबकि सीनियर आरएएस व रेवेन्यू बोर्ड की सदस्या श्रीमती कमला आलडिया को शेखावाटी स्तरीय सावित्रीबाई फुले अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

# मंडावर में महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे जयकारे

# श्वेतांबर जैन समाज ने पूरे उत्साह के साथ मनाया जन्म कल्याणक महोत्सव, भक्ति संध्या ने बांधा समां

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** अहिंसा, सत्य और त्याग के संदेशवाहक भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर मंगलवार को मंडावर शहर भक्ति, अनुशासन और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया, जब श्वेतांबर जैन समाज ने महावीर जयंती को पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय परंपराओं के साथ मनाया। 'जहां धर्म है, वहीं विजय है' की भावना को आत्मसात करते हुए समाज के लोगों ने पूरे दिन आस्था और सेवा के विविध आयाम प्रस्तुत किए। प्रातःकालीन बेला में सुबह 7:30 बजे श्वेतांबर जैन मंदिर में समाज के लोगो का जमावड़ा लगा, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती के उपरांत सुबह 8:00 बजे मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इसके साथ ही भगवान महावीर की रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर विभिन्न प्रकार के चढ़ावे चढ़ाए गए, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। पुरुष सफेद परिधान में, महिलाएं विशेष रंग-बिरंगी साड़ियों में और बच्चे पारंपरिक व आकर्षक वेशभूषा में शामिल होकर एक अनुशासित और सांस्कृतिक छटा बिखेरते नजर आए। कई लोग मंदिर के दुपट्टे और बैज धारण कर धार्मिक एकरूपता का संदेश देते दिखे। सुबह दस बजे प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा मंदिर से निकलकर गढ़ रोड, गांधी चौक और कपड़ा मार्केट होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित केनरा बैंक तक पहुंची, जहां से पुनः एसबीआई बैंक की गली होते हुए मंदिर लौटी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु जैन भजनों, जयघोषों और नारों के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो उठा। जगह-जगह सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा शीतल पेय, आइसक्रीम और अल्पाहार की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं का स्वागत-सत्कार किया गया। महोत्सव के दौरान केनरा बैंक परिसर में लकी ड्रॉ कूपन वितरित किए गए तथा भगवान की माला की बोली भी लगाई गई, जिसका समापन मंदिर में ही कूपन खोलकर किया गया। कार्यक्रम की पूर्णता के पश्चात पंचायती धर्मशाला में सहभोज का आयोजन हुआ, जहां समाज के सभी लोगों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया और सेवा भाव से भोजन परोसने में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह दृश्य 'परमार्थ ही परम धर्म है' की भावना को साकार करता नजर आया। सायंकाल 7:00 बजे आराधना भवन में आयोजित भक्ति संध्या एवं कवि सम्मेलन ने कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई प्रदान की, जहां बाहर से पधारे कवियों ने अपनी ओजस्वी और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण तालियों की गूंज और भक्ति रस में डूबा नजर आया, मानो 'शब्दों में भी भक्ति का स्वर बस गया हो। ' इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष शशिकांत जैन सहित श्याम जैन, महेश जैन, दिनेश जैन, संजय, किशन जैन, पवन जैन, राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# दादी ओढ ले थारी चुनर ल्याया ए जैसे भजनों की अमृत वर्षा हुई ढांढणवाली दादीजी के वार्षिकोत्सव में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



यहां महेश्वरी भवन में ढांढण दादी परिवार का बीसवां वार्षिक उत्सव व विराट भजन संध्या आयोजन मंगलवार को श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक संदीप बजाज ने बताया कि वार्षिकोत्सव में टिडा गेला दादी जी का विशेष फूलों से श्रृंगार कर अखंड ज्योति व छप्पन भोग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दादी परिवार के अध्यक्ष सुशील बजाज, कोषाध्यक्ष नरेश बजाज द्वारा ज्योत प्रज्वलन व पवन शर्मा निर्मल की गणेश वंदना से हुई। दादी ओढ ले थारी चुनर ल्याया ए, दादी जी थाने कुण सजाया व दादी जी थारी ज्योत सवाई जी जैसे एक से बढ़कर भजनों पर दादी भक्त देर तक झूमते रहे।कीर्तन में बुन्दू भाई जयपुर के संगीत संयोजन में तेजस राणा अजमेर, रीतू पाण्डे व महेंद्र स्वामी जयपुर स्वीटी केडिया झुंझुनू नीलिमा शर्मा अंकित खाटूवाला अंकित बजाज ने दादी जी भजनों से उपस्थित दादी भक्तों को झूमने मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में दादी परिवार के मंत्री मुकेश बजाज एवं सदस्यों ने अतिथियों का दुपट्टा, माला पहनाकर व दादी जी की फोटो देकर सम्मान किया।

# खेत में फसल कटाई का काम करते समय मजदूरों पर घोड़ा मधुमक्खियों का हमला

## आधा दर्जन लोग हुए मधुमक्खियों के हमले में घायल,दो मजदूरों की हालात गंभीर, अस्पताल में करवाया भर्ती।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे में झुंझुनू रोड़ पर तेतरा स्टैंड के पास एग्रीकल्चर कॉलेज के नजदीक खेत में चने की कटाई के दौरान मजदूरों पर घोड़ा मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूरों से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग चने की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड सक्रिय हो गया और खेत में कटाई कर रहे मजदूरों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए मजदूर इधर-उधर भागते नजर आए। मधुमक्खियों के हमले में करीब एक सात आठ मजदूरों को मधुमक्खियों ने काट लिया, जिनमें कुछ को अधिक डंक लह्यगने से सूजन और दर्द की शिकायत हुई। डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि तेतरा निवासी निखिल कुमार, सचिन कुमार, रघुवीर सिंह, प्रशांत कुमार, राकेश कुमार का उपचार किया गया है जिनमें दो लोगों की हालात गंभीर थी।

## चोरों के हौसले बुलंद, ट्रांसफार्मर को बनाया निशाना

**तेतरा स्टैंड के पास लगे ट्रांसफार्मर को उखाड़ कर ले गए चोर**

**एक ही सप्ताह में ट्रांसफार्मर चोरी की है दूसरी घटना**



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम तेतरा में एक सप्ताह में अलग अलग दो जगहों से ही ट्रांसफार्मर चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरों के हौसले काफी बुलंद है जिन्होंने तेतरा गांव से दो ट्रांसफार्मर ओर एक तेतरा स्टैंड के पास लगे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया है। चोर रात्रि को खेत की तारबंदी को तोड़कर तेतरा स्टैंड के पास लगे ट्रांसफार्मर को उखाड़ कर ले गए। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले भी चोरों ने तेतरा गांव से ही दो ट्रांसफार्मर लगाए। एक ही सप्ताह में ट्रांसफार्मर चोरी की दूसरी घटना गंभीर है। किसानों ने चोरी की सूचना विद्युत विभाग को दी है। अभी तक विभाग ने कोई रिर्पोट थाने में नहीं दी है।

# सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ से व्यक्तित्व विकास : पारीक



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे में मुकुन्दगढ मार्ग स्थित जालवाले बालाजी मन्दिर में आज सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान प0 गिरधारीलाल सुरोलिया ने पूजा - अर्चना की तथा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ के समापन के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक ने कहा है की सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ न केवल आध्यात्मिक रूप से फलदायी है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास के लिए एक शक्तिशाली साधन भी है। जब कई लोग एक साथ मिलकर चालीसा का पाठ करते हैं, तो उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक एकाग्रता व्यक्तित्व में व्यापक सकारात्मक बदलाव लाती है। हनुमान चालीसा का पाठ मानसिक चंचलता को नियंत्रित करता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है, जिससे कठिन परिस्थितियों में भी निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। पारीक ने कहा की सामूहिक पाठ से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और मानसिक चंचलता पर नियंत्रण आता है, जो तनाव कम करने में सहायक है । हनुमान जी को संकट मोचन कहा जाता है। उनके पाठ से मन से भय और डर दूर होता है, जिससे व्यक्ति निर्भय और साहसी बनता है। नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में अनुशासन और समर्पण जैसे गुणों का विकास होता है, जो सफलता के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी , सज्जनलाल शर्मा, किशोरसिंह राठौड़ पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, संजय परिहार , अनूप शर्मा, सत्यनारायण बावलिया, वरिष्ट पत्रकार सूर्यप्रकाश लाहोरा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## डॉ.अंजली यादव बनी भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता, क्षेत्र में जश्न का माहौल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना?।**

**रमेशचंद ।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा के तहत मुंडावर के पूर्व विधायक मेजर ओपी यादव की पुत्रवधू डॉ.अंजली यादव



को भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर मुंडावर, सोडावास, करणीकोट, शामदा, चिरूनी सहित अनेक गांवों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांट कर खुशी जाहिर की। डॉ.अंजली यादव की नियुक्ति को क्षेत्र में युवा और शिक्षित नेतृत्व को आगे बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि और व्यक्तिगत योग्यता को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। डॉ.अंजली यादव के सामने अब विपक्षी दलों के हमलों का तार्किक जवाब देना और केंद्र व राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती होगी। डॉ.अंजली यादव की नियुक्ति पर उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉ.अंजली यादव ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है और कहा है कि वह पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

## टोहाना के प्रतिष्ठित बजरंग मॉडल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**प्रिंसिपल अंजू वर्मा बोलीं - मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक माहौल ही सफलता की कुंजी**

**हमारे स्कूल व बजरंगबली बॉक्सिंग अकैडमी से कई राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी दिए हैं -एमडी विनय वर्मा**



**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** टोहाना के आजाद नगर स्थित बजरंग मॉडल स्कूल में आज कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा नौवीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुंचे और परिणाम को लेकर खासा उत्साहित नजर आए।विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड के साथ-साथ शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की उपलब्धियों पर अभिभावकों और शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।स्कूल निदेशक विनय वर्मा एवं प्रिंसिपल अंजू वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आगे भी मेहनत एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करना है। समारोह के दौरान बच्चों की मुस्कान और अभिभावकों की संतुष्टि ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## राजस्थान बना ओवरऑल चैंपियन, राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में लहराया परचम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



**अरूण मूंड ।** राजस्थान डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 29 मार्च 2026 तक झुंझुनूं के योगी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों ने दमदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष योगी एवं आयोजन सचिव पूजा लीला ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने उच्च स्तर का प्रदर्शन किया, जिसमें राजस्थान की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। ब्रेकिंग इवेंट में राजस्थान ने 3 स्वर्ण, 3 रजत एवं 5 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तमिलनाडु 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 3 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि महाराष्ट्र 2 स्वर्ण एवं 3 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इन पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम के लिए किया गया है। लैटिन डांस स्पोर्ट्स कैटेगरी में गुजरात ने 1 स्वर्ण, 8 रजत एवं 3 कांस्य पदकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ 3 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि केरल और हरियाणा 2-2 स्वर्ण पदकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। बॉलीवुड डांस कैटेगरी में हरियाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आंध्र प्रदेश दूसरे तथा तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा।

### भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

प्रतियोगिता के समापन पर भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शैलेंद्र नाथ अघोरी बाबा रहे, जबकि अध्यक्षता न्यायाधीश महेंद्र सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में देवकीनंदन तुलस्यान उपस्थित रहे।इस अवसर पर डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव विश्वजीत मोहती एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### अनुभवी निर्णायकों ने निभाई भूमिका

प्रतियोगिता में विनोद शंकर (छत्तीसगढ़), निश्चय नरूला (पंजाब), सनी सिंह (उत्तराखंड) एवं एंड्रिया (केरल) ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, पदक, टी-शर्ट एवं चैंपियन ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों में उत्साह और बढ़ा। आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए 15 अप्रैल से झुंझुनूं के योगी स्टेडियम में भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच बना, बल्कि झुंझुनूं जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सफल रहा।

## साईंस कैम्पस स्कूल मंडावर ने फिर लहराया सफलता का परचम

### विज्ञान में हिमानी प्रदेश में 10वीं तो कला में चंचल ने 6वीं रैंक के साथ रचा इतिहास



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में इस बार भी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान साईंस कैम्पस स्कूल मंडावर ने अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाते हुए सफलता का परचम बुलंद रखा है। विज्ञान एवं कला संकाय दोनों में विद्यार्थियों ने ऐसा प्रदर्शन किया है जिसने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। 'मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे,' यह कहावत इस बार मंडावर की धरती पर साकार होती नजर आई, जब परिणामों ने पूरे इलाके में सफलता की गूंज फैला दी। विद्यालय की होनहार छात्रा हिमानी, पुत्री छुट्टनलाल मीना निवासी मुनापुरा ने विज्ञान वर्ग में 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं पूरे प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इसी प्रकार कला वर्ग में चंचल, पुत्री विजयसिंह मीना निवासी रिगसपुरा ने 98.60 प्रतिशत अंकों के साथ न केवल विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया बल्कि प्रदेश स्तर पर छठा स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि 'जहां लगन होती है, वहां सफलता खुद राह बना लेती है।' समग्र परिणाम पर नजर डालें तो विज्ञान वर्ग में पाँच विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर उत्कृष्टता का परचम लहराया। वहीं कला वर्ग में भी एक विद्यार्थी ने 95 प्रतिशत से अधिक तथा पाँच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय के परिणाम को गौरवपूर्ण ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सामूहिक सफलता विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और सतत मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया। दोनों संकायों की टॉपर छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय आमंत्रित कर साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मिठाइयों की मिठास, पटाखों की गूंज और डीजे की धुन पर थिरकते कदमों ने इस सफलता को उत्सव में बदल दिया। यह दृश्य मानो यह संदेश दे रहा था कि 'कड़ी मेहनत का फल जब मिलता है तो वह सिर्फ खुशी नहीं, बल्कि गर्व का उत्सव बन जाता है।' इस अवसर पर संस्था के निदेशक विजय झालानी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता की मजबूत नींव बताते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में यह आयोजन प्रेरणा का स्रोत बन गया, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि 'संघर्ष ही सफलता की असली सीढ़ी है।'

## टोहाना में पैदल गस्त अभियान : शहर थाना पुलिस ने राजनगर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

**पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में चौकियों द्वारा जनसुरक्षा व अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना /फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में राजनगर टोहाना क्षेत्र में पुलिस चौकी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश जांगडा़ द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन आईपीएस के कुशल नेतृत्व में व एस एच ओ इन्स्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में विशेष पैदल गस्त अभियान चलाया गया। यह अभियान नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधों पर नियंत्रण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।गस्त के दौरान टीम ने आसपास की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याओं को सुना गया और तत्काल समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।इसी क्रम में राजनगर टोहाना क्षेत्र में पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश जांगड़ा की अगुवाई में पैदल गस्त की गई। टीम ने बाजार, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर पैनी नजर रखी। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों से संपर्क कर सुरक्षा संबंधी सुझाव प्राप्त किए। गस्त के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरती गई।पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए चौकियों द्वारा नियमित पैदल गस्त अभियान निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। गस्त अभियान के दौरान पुलिस टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा उपायों का पालन हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पैदल गस्त अभियान से अपराधियों में भय उत्पन्न हुआ और आम जनता को सुरक्षा की बेहतर अनुभूति मिली।



## रैफल्स लॉ स्कूल में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर कोलोक्वियम का सफल आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना**



**रमेशचंद ।** रैफल्स लॉ स्कूल, रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना द्वारा 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007' विषय पर एक महत्वपूर्ण कोलोक्वियम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिनियम के प्रावधानों, उसकी प्रासंगिकता तथा समाज में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. राजेंद्र सिंह सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर भी बल दिया। डीन एकेडेमिक्स, डॉ. दीपक दास ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई तथा अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रूपेश कुमार के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. नम्रता यादव ने विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों एवं उनके व्यावहारिक पहलुओं को सरल रूप में समझाया। लॉ स्कूल के डीन, डॉ. प्रणय कुमार आदित्य ने अधिनियम का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया तथा इसके सामाजिक एवं कानूनी प्रभावों पर प्रकाश डाला। अंत में, डॉ. अजय प्रताप सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्रों एवं संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसने इसे अत्यंत सफल एवं सार्थक बनाया। यह कोलोक्वियम वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा समाज में उनके सम्मान एवं संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## टोहाना के प्रतिष्ठित होली हर्ट स्कूल में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत, बच्चों को दी गई शुभकामनाएं

**हमारा उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनको अच्छे संस्कार देना है- एम डी बलदेव सैनी**




**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** होली हर्ट स्कूल में वार्षिक परिणाम एवं गतिविधियों को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल पायल मेहता ने विद्यार्थियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और पूरे वर्ष के दौरान बच्चों की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रिंसिपल पायल मेहता ने सभी विद्यार्थियों को कक्षा में प्रमोट होने पर बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता में अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चों के प्रमोट होने की खुशी में अभिभावकों ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर स्कूल के एमडी बलदेव सैनी ने विद्यालय की वर्ष भर की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि होली हर्ट स्कूल का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता पर छात्रों, अभिभावकों और विद्यालय के अध्यापकगण को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन आईपीएस का मादक पदार्थ तस्करी पर बड़ा प्रहार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 की अवधि की तुलना में 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 के दौरान 147 प्रतिशत अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जो वर्ष 2016 के बाद अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।नशा तस्करों पर आर्थिक प्रहार करते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा उनकी अवैध संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई भी लगातार जारी है। वर्ष 2025 के पहले तीन महीनों में जहां किसी भी नशा तस्कर की संपत्ति अटैच नहीं की गई थी, वहीं वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में 16 नशा तस्करों की कुल 1,35,05,531 रुपये की संपत्ति अटैच करवाई गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पदभार संभालने के बाद अब तक 36 नशा तस्करों की कुल 5,37,35,157 रुपये की संपत्ति माननीय न्यायालय के माध्यम से अटैच करवाई जा चुकी है, जो नशा तस्करों पर एक बड़ा आर्थिक प्रहार है।मामलों की तुलना करें तो वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 31 मार्च तक 38 अभियोग दर्ज कर 101 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि में 132 अभियोग दर्ज कर 250 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि वर्ष 2026 में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में कई गुना तेजी लाई गई है।बरामदगी के मामलों में भी वर्ष 2026 में उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अफीम, चूरा पोस्त, गांजा, हेरोइन, प्रतिबंधित नशीली गोलियां एवं इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। वर्ष 2025 में जहां 6 वाणिज्य मात्रा के मामले दर्ज हुए थे, वहीं वर्ष 2026 में 17 वाणिज्य मात्रा के मामले दर्ज किए गए, जो लगभग ढाई गुना बढ़ोतरी को दर्शाता है।फतेहाबाद पुलिस केवल नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई ही नहीं कर रही, बल्कि नशे की चपेट में आए युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने का भी सराहनीय कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' अभियान शुरू कर नशा पीड़ित युवाओं की पहचान, काउंसलिंग, उपचार एवं पुनर्वास का अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।वर्ष 2025 के पहले तीन महीनों में 110 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 117 नशा पीड़ित युवाओं का उपचार कराया गया था, जबकि वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में 251 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 393 युवाओं का उपचार कराया गया तथा 50 युवाओं को नशे की लत से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया। यह वर्ष 2025 की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।फतेहाबाद पुलिस का यह अभियान नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और नशा पीड़ित युवाओं के प्रति संवेदनशीलता, दोनों का उत्कृष्ट संतुलन प्रस्तुत करता है। फतेहाबाद पुलिस का लक्ष्य जिले को नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।**




मंगलवार को विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन (पीटीएम) का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा हवन पूजन के साथ की गई। हवन के माध्यम से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जितेन्द्र (निजामपुर), अमित (इलाखर), विक्रम (छिलरो), रामकिशन (गांवड़ी जाट), मनोज (छिलरो), विरेन्द्र (पवेरा), रिंकेश (घाटाशेर), संदीप (बशीरपुर), विजेन्द्र (छिलरो), अनिल कुमार (सिहोड़), अनिल सोनी (सिहोड़), सुनील सोनी (सिहोड़) तथा सुरेन्द्र सिंह (सरेली) सहित अनेक अभिभावकों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य अजीत सिंह, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी सहित समस्त अध्यापकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

## टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब

**मियामी ।** अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6 (0), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने



वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं। नथासा जेवरवा (1997), हिंगिस (1999), और बेथानी माटेक-सैंड्स (2016) ने अलग-अलग पार्टनर के साथ एक ही साल में दोनों टूर्नामेंट जीते हैं। टाउनसेंड और सिनियाकोवा ने एक साथ यह अपना पांचवां खिताब जीता है, जिसमें दो ग्रैंड स्लैम (2024 विंबलडन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन) शामिल हैं। इस जीत के बाद टाउनसेंड और सिनियाकोवा डबल्स रेस में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच जाएंगी, जबकि एरानी और पाओलिनी नंबर 8 से नंबर 6 पर पहुंच सकती हैं। ट्रॉफी वितरण के दौरान सिनियाकोवा ने टाउनसेंड का साथ खेलने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'मेरे साथ खेलने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसलिए मेरे साथ खेलने और इस टूर्नामेंट को मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद।

## गजनफर के लिए निराशाजनक रहा डेब्यू मुकाबला, स्पेल फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड

**मुंबई ।** आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हराया। हालांकि, मुंबई की ओर से आईपीएल में अपना डेब्यू करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर के लिए यह मुकाबला निराशाजनक रहा। इस लीग में डेब्यू करते हुए गजनफर ने दूसरे सबसे महंगा स्पेल डालने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया। अल्लाह गजनफर ने केकेआर के खिलाफ अपने चार ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट चटकाए 51 रन खर्च किए। अफगानी गेंदबाज ने 12.80 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। आईपीएल के डेब्यू मुकाबले में सबसे महंगा स्पेल फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड प्रयास रे बर्मन के नाम दर्ज है। उन्होंने साल 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 56 रन दिए थे। गजनफर केकेआर के खिलाफ अपनी लाइन और लेंथ से भटके नजर आए, जिसका भरपूर फायदा कोलकाता के बल्लेबाजों ने उठाया। गजनफर को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में मुंबई ने 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा था। वहीं, आईपीएल 2026 के लिए टीम ने उन्हें रिटेन किया था। वानखेड़े के मैदान पर मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा।



हॉकी इंडिया ने की सीनियर महिला नेशनल कोचिंग कैंप की घोषणा

# 31 खिलाड़ियों को किया शामिल

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने 1 से 9 अप्रैल 2026 तक महिला नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित करने की घोषणा की है। यह कैंप भारतीय महिला हॉकी टीम की आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता था। टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के बूते ही भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी क्वालीफाई किया, जो बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाना है। इस कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर को बेहतर बनाने, टीम संयोजन तैयार करने और रणनीतिक कौशल को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। टीम नए कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाएगी। भारतीय टीम के सामने इस साल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। टीम जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, इसके बाद अगस्त में महिला वर्ल्ड कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 में चुनौती पेश करेगी। यही कारण है कि इस कैंप का महत्व काफी अहम होगा।

गोलकीपिंग यूनिट में सविता, माधुरी किंडो, बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम हैं, जिन्हें हाल ही में हॉकी



इंडिया 8वें सालाना अवॉर्ड्स 2025 में गोलकीपर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड मिला था। डिफेंस लाइनअप में निक्की प्रधान और उदिता जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को रखा गया है। इसके साथ ही इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास भी हैं, जो बैक में काफी गहराई देती हैं। मिडफील्ड में कैप्टन सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा हैं, जिन्हें हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर मिला है। इनके साथ-साथ सुनीता टोप्पो और इशिका जैसे उभरते हुए टैलेंट का साथ मिला।

फॉरवर्ड लाइन में एक मजबूत अटैकिंग लाइनअप है। इसमें नवनीत कौर शामिल हैं, जिन्होंने हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) जीता। इसके साथ ही दीपिका, लालरेमसियामी, मुमताज खान, दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम और संगीता कुमारी भी हैं। कैंप को लेकर कोच मारिन ने कहा कि यह टीम के लिए अगले चुनौतीपूर्ण सीजन की तैयारी का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने बताया कि टीम का लक्ष्य खेल में निरंतरता लाना, बेहतर तालमेल बनाना और बड़े टूर्नामेंट्स के दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना है। भारतीय टीम इस कैंप के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की कोशिश करेगी, ताकि आने वाले वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स जैसे बड़े मंचों पर मजबूत प्रदर्शन किया जा सके।

### कैंप के लिए भारतीय टीम का स्क्वॉड

- **गोलकीपर :** सविता, माधुरी किंडो, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी
- **डिफेंडर :** निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास
- **मिडफील्डर :** सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, इशिका
- **फॉरवर्ड :** दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम, लालरेमसियामी, मुमताज खान, संगीता कुमारी।

**आईपीएल 2026 : रोहित-रिकल्टन का अर्धशतक, एमआई ने केकेआर को 6 विकेट से हराया**

# 2013 से चला आ रहा पहले मैच में हार का सिलसिला थमा

**2012 के बाद से एमआई ने पहली बार किसी सीजन का पहला मुकाबला जीता है। जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई को रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन ने धमाकेदार शुरुआत दी।**

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अपने सफर का आगाज जीत के साथ किया है। रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन की धमाकेदार पारियों की बदौलत एमआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। 2012 के बाद से एमआई ने पहली बार किसी सीजन का पहला मुकाबला जीता है। जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई को रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन ने धमाकेदार शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 11.5 ओवर में 148 रन की साझेदारी की। रोहित पहले विकेट के रूप में 78 रन बनाकर आउट हुए। 38 गेंदों की अपनी पारी में रोहित ने 6 चौके और 6 छक्के लगाए। रोहित ने 23 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आईपीएल में उनका यह सबसे तेज अर्धशतक है। रोहित का आईपीएल का यह 50वां अर्धशतक भी था। रिकल्टन ने भी 43 गेंदों पर 8 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 81 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव 8 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। हार्दिक 11 गेंदों पर 18 और नमन धीर 2 गेंदों पर 5 रन बनाकर नाबाद रहे। एमआई ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर जीत दर्ज की। एमआई ने 4 विकेट पर 224 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीता।

केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और सुनील नरेन ने 1-1 विकेट लिए। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने 4 विकेट पर 220 रन बनाए थे। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा 67 रन कप्तान अंजिक्य रहाणे ने बनाए। रहाणे ने 40 गेंदों की अपनी पारी में 5 छक्के और 3 चौके लगाए। इसके अलावा, युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने भी अर्धशतक लगाया। रघुवंशी ने 29 गेंदों पर 2 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 51 रन की पारी खेली। इसके अलावा, फिन एलेन ने 17 गेंदों पर 37 और रिंकू सिंह ने 21 गेंदों पर नाबाद 33 रन की पारी खेली।

## कुंबले ने की रोहित की तूफानी पारी की जमकर तारीफ, बाकी टीमों की बढ़ सकती है मुश्किलें

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज अनिल कुंबले ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रोहित ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 78 रनों की दमदार पारी खेली। कुंबले ने कहा कि रोहित इस सीजन 2.0 अवतार में आए हैं, जिसके कारण बाकी टीमों की चिंताएं बढ़ सकती हैं। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी 78 रनों की पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए।

रोहित ने अपना अर्धशतक सिर्फ 23 गेंदों में पूरा किया, जो आईपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक भी है। कुंबले ने 'जियोस्टार' पर कहा, 'रोहित शर्मा अपने 2.0 अवतार में आ गए हैं और उनकी पारी से पता चलता है कि वह फिर से हावी होने के लिए तैयार हैं। जिस तरह से उन्होंने गेंद को ग्राउंड के चारों ओर मारा, उसे देखकर मुझे उनकी प्राइम फॉर्म याद आ गई। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और ब्लेसिंग मुजारबानी जैसे गेंदबाजों के खिलाफ छक्के मारना आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने इसे बेहद आसान बना दिया।' रोहित ने अपनी पारी के दौरान आईपीएल में अपना 50वां अर्धशतक भी लगाया। वह यह मुकाम हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज बने। कुंबले ने कहा, 'रोहित ने अपनी फिटनेस पर बहुत काम किया है और जब आप छोटे ब्रेक के बाद वापस आते हैं, तो अपनी टाइमिंग वापस पाने और अपनी लय पाने में पांच से सात दिन लगते हैं। यह एक शानदार पारी थी, बिल्कुल वैसी ही जैसी हमने वानखेड़े में देखी थी, जहां वह पहली गेंद से ही गेंदबाजों पर हावी नजर आए थे। वह आसानी से छक्के लगा रहे थे।



## 'धुरंधर 2' के बाद 'बिलेनियर' बनेंगे अर्जुन रामपाल, इस डायरेक्टर के साथ करेंगे अगली सीरीज

**'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है, इस फिल्म की सफलता में अर्जुन रामपाल का भी हाथ है। फिल्म में उन्होंने मेजर इकबाल का खूंखार रोल किया है। अर्जुन रामपाल के अभिनय को खूब सराहा गया। इस फिल्म की सफलता के बीच अर्जुन रामपाल के पास कई नए प्रोजेक्ट्स भी आ रहे हैं। जल्द ही वह 'बिलेनियर' नाम की सीरीज में नजर आएंगे। इस सीरीज को लेकर अर्जुन रामपाल भी काफी एक्साइटेड हैं।**

### कौन बना रहे हैं सीरीज 'बिलेनियर'

अर्जुन रामपाल सीरीज 'बिलेनियर' में एक दमदार किरदार करेंगे। इस सीरीज को जाने माने फिल्ममेकर हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल बनाएंगे। सीरीज 'बिलेनियर' की कहानी अनुभव चोपड़ा और शांतनु सागर ने लिखी है। ऑलमाइटी मोशन पिक्चर' के बैनर तले प्रभलीन संधू इसे प्रोड्यूस कर रही हैं।

### सीरीज को लेकर बोले अर्जुन रामपाल

इस सीरीज का हिस्सा बनकर अर्जुन रामपाल काफी खुश हैं, एक प्रेस नोट में उन्होंने कहा, 'मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर सचमुच बहुत उत्साहित हूं। इस तरह का किरदार निभाने का मौका हर रोज नहीं मिलता, जब ऐसा मौका मिलता है, तो आप उसे दोनों हाथों से लपक लेते हैं। बेहतरीन फिल्ममेकर हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मुझे यकीन नहीं हो रहा कि यह सपना जल्द ही पूरा होने वाला है।'

इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी सीरीज अर्जुन रामपाल की अपकमिंग सीरीज 'बिलेनियर' अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज की रिलीज डेट को लेकर अभी कोई अपडेट शेयर नहीं कियागया है। इस सीरीज की कहानी एक ऐसे बिलेनियर की है, जो महत्वाकांक्षी है और सत्ता और सफलता के लिए कुछ भी कर सकता है।



# मेन करैक्टर हूं मैं, कोनों में बैठने के लिए नहीं बनी सेंटर रूम के लिए बनी हू

'सेक्रेड गेम्स' की कुकू हो या 'द ट्रायल' की सना शेख, एक्ट्रेस कुब्रा सैत को जब भी दमदार किरदार मिले, उन्होंने उसे निचोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन स्ट्रॉन्ग, कॉम्प्लेक्स लड़कियों में उन्होंने बिंदासियत और संवेदनशीलता का मिला-जुला रंग भरकर यादगार बना दिया। अब अपनी नई सीरीज 'संकल्प' में भी वह डीएसपी परवीन शेख की सशक्त भूमिका में हैं।

### क्या ऐसे किरदारों से वह ज्यादा जुड़ाव महसूस करती हैं?

इस पर कुब्रा का कहना है, 'मैं खुशनसीब हूं कि मुझे ये किरदार निभाने को मिले। उनमें जो कॉम्प्लेक्सिटी है, उसे निभाना सौभाग्य की बात है। मैं इनसे सीख पाती हूं कि सिर्फ ताकतवर होना ही मजबूती नहीं है। असुरक्षित, टूटा होकर खड़ा होना भी ताकत है। मुझे लगता है कि ये जितने भी किरदार मैंने निभाए हैं, उनमें कुछ न कुछ मेरा होगा क्योंकि ये सारे रंग हम सबमें हैं। वो चाहे बिंदासियत हो, ताकत या असुरक्षित महसूस करना, इन किरदारों के जरिए मुझे अपने बारे में भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अच्छी बात ये है कि ऑडियंस इनसे रिलेट कर पा रही है, पसंद कर रही है तो हम कुछ तो सही कर रहे है। यही चीज मुझे प्रेरित करती है।'

### खुद को साबित करने की आग थी

कुब्रा ने निजी जिंदगी में भी कम बिंदास फैसले नहीं लिए। फिर राजनीतिक परिवार में जन्म के बावजूद बॉलिवुड की राह चुनना हो या माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी छोड़कर एक्टिंग में आना। इस बिंदास एटीट्यूट के बाबत वह बताती हैं, 'जब मैं मुंबई आई थी तो मुझे सिर्फ खुद को प्रूव करना था कि क्योंकि मेरी फैमिली का एक्टिंग से कोई लेना देना नहीं है। मैं माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी छोड़कर आई थी तो मेरे पास फेल होने का ऑप्शन ही नहीं था। मुझे यहां पर अपना नाम, काम, मुकाम खुद बनाना था क्योंकि मुझे भरोसा था कि मैं माइक्रोसॉफ्ट में ना काम करूं तो भी सफल रहूंगी और अपने दम पर सफल रहूंगी।

### मैं कोनों में कभी नहीं बैठी

कुब्रा की पहली ही फिल्म रेडी सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ थी। उनके साथ काम करते वक्त कोई डर या इंटीमिडेशन था, यह पूछने पर वह कहती हैं, 'नहीं यार, मैं बहुत कॉन्फिडेंट थी तो मैं सबके साथ बैठकर बातें करती थी। मुझे सबके बारे में जानना था। मैं सलमान खान सर के साथ भी बैठती थी। उनसे पूछती थी कि ये कैसे हुआ, वो कैसे हुआ, तो वे भी बातें करते थे। मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि नई हूं तो कोने में बैठना जरूरी है। मैं कोनों के लिए शायद बनी ही नहीं हूं। मैं सेंटर रूम के लिए बनी हूं। मेरा मानना है कि इस इंडस्ट्री में खुद पर भरोसा करना सबसे जरूरी है। अगर आप खुद पर ही विश्वास नहीं करोगे तो कोई आप पर विश्वास क्यों करेगा। अगर आप खुद पर विश्वास रखें तो आपके लिए द एंड कभी होगा ही नहीं।'



# एक्टर्स क्रिकेट बैश सिर्फ मैच नहीं, पैशन भी हैः मानव गोहिल

**मुंबई** में टी-10 सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग, एक्टर्स क्रिकेट बैश (एसीबी) का आगाज हो चुका है, जहां टीवी और ओटीटी जगत के जाने-माने चेहरे पहुंच रहे हैं। एक्टर वरुण बडोला और मानव गोहिल समेत टीवी के कई पॉपुलर चेहरों को मैच का आनंद उठाते देखा गया। एक्टर्स क्रिकेट बैश में पहुंचे वरुण बडोला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हर साल हम एसीबी का इंतजार करते हैं और जीत के लिए मेहनत भी करते हैं। उन्होंने कहा, पहले भी हम फाइनल में पहुंचे थे लेकिन जीत नहीं पाए थे। इस बार कोशिश रहेगी कि फाइनल में जीत दर्ज करें। टीवी अभिनेता ने कहा, ऐसा नहीं है। यह सब जनता और इकोनॉमिक्स पर निर्भर करता है। जब जनता हॉकी को छोड़कर क्रिकेट देखना चाहती है, तो क्या ही किया जा सकता है? लेकिन, अब पहले की तुलना में थोड़ा बदलाव आया है क्योंकि ओलंपिक को पसंद किया जाता है और उम्मीद है कि आगे लोग बाकी खेलों को भी उतना ही पसंद करेंगे, जितना क्रिकेट को करते हैं। मानव गोहिल ने एसीबी को सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि पैशन भी बताया। उन्होंने कहा, जब एसीबी का पहला सीजन शुरू हुआ था, तब बहुत सारी चुनौतियां थीं। चुनौतियां आज भी हैं, लेकिन छह सीजन तक आते-आते बहुत कुछ बदल गया है। टीवी के इतने सारे स्टार्स को एक छत के नीचे क्रिकेट खिलाना छोटी बात नहीं है, और हर कोई इसके लिए मेहनत कर रहा है। फाइनल में टीम को सपोर्ट करने के सवाल पर अभिनेता ने कहा, इस बार दिल्ली और चंडीगढ़ आमने-सामने हैं और दोनों ही मजबूत टीमें हैं। दिल्ली तीन बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन आज रण में युद्ध है और देखना होगा कि कौन जीतेगा।

# पहले दोस्ती, फिर प्यार और 4 साल बाद शादीः कुछ ऐसी रही निहार पांड्या-नीति मोहन की खूबसूरत कहानी



**फिल्मी** दुनिया में रिश्ते अक्सर बनते और टूटते रहते हैं, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो सच्चे प्यार की मिसाल बन जाती हैं। ऐसी ही एक खूबसूरत कहानी है अभिनेता निहार पांड्या और सिंगर नीति मोहन की, जिन्होंने करीब चार साल तक एक-दूसरे को डेट किया। यह रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत हुआ और फिर हमेशा के लिए एक मजबूत बंधन में बंध गए। निहार पांड्या के 44वें जन्मदिन के मौके पर हम उनकी लव स्टोरी के बारे में बात करेंगे। निहार पांड्या का जन्म 28 मार्च 1982 को एक साधारण परिवार में हुआ। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। वह हमेशा से एक्टिंग में कुछ बड़ा करना चाहते थे, लेकिन उनका रास्ता आसान नहीं था। लंबे समय तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें कंगना रनौत की फिल्म में काम करने का मौका मिला। उन्होंने 'मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी' फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में उन्होंने बाजीराव द्वितीय का किरदार निभाया। इस रोल के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और खास ट्रेनिंग भी ली। निहार का नाम उनके करियर से ज्यादा उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहा। शुरुआती दिनों में वह दीपिका पादुकोण के साथ रिश्ते में थे। दोनों की मुलाकात एक्टिंग स्कूल में हुई थी और यह दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों कुछ सालों तक साथ रहे, लेकिन बाद में ब्रेकअप हो गया। इसके बाद उनका नाम गौहर खान के साथ भी जुड़ा, हालांकि यह रिश्ता भी ज्यादा समय तक नहीं चला।

निहार की जिंदगी में असली स्थिरता तब आई जब उनकी मुलाकात नीति मोहन से हुई। नीति एक जानी-मानी सिंगर हैं और उन्होंने कई सुपरहिट गाने गाए हैं। दोनों की मुलाकात धीरे-धीरे दोस्ती में बदली और फिर यह रिश्ता प्यार में बदल गया। निहार और नीति ने करीब चार साल तक एक-दूसरे को डेट किया। इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे को अच्छे से समझा।

चार साल की डेटिंग के बाद, दोनों ने शादी करने का फैसला किया और 15 फरवरी 2019 को शादी के बंधन में बंध गए। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं, और फैंस ने इस जोड़ी को खूब प्यार दिया। शादी के बाद, कपल ने बेटे आर्यवीर का स्वागत किया।

# संध्या मृदुल : कुछ मिनटों का रोल, लेकिन असर गहरा, 'साथिया' से मिली पहचान ने बदल दी किस्मत

**फिल्मी** दुनिया में अक्सर यही माना जाता है कि बड़ा रोल ही बड़ी पहचान दिलाता है, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे होते हैं जो छोटे किरदार में भी अपनी छाप छोड़ जाते हैं। ऐसी ही एक अभिनेत्री हैं संध्या मृदुल, जिन्होंने फिल्म 'साथिया' में सीमित स्क्रीन टाइम के बावजूद अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींच लिया। यह वही फिल्म थी, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी और उन्हें इंडस्ट्री में एक मजबूत कलाकार के रूप में पहचान दिलाई। संध्या मृदुल का जन्म मुंबई में हुआ था। उनके पिता पी.आर. मृदुल पेशे से वकील थे और बाद में जज बने। बचपन में ही उनका परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया। पढ़ाई के लिए उन्हें जयपुर भेजा गया। उनकी जिंदगी में बड़ा झटका तब आया, जब 14 साल की उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ गया। इसके बाद उनके बड़े भाई ने उनकी जिम्मेदारी संभाली। संध्या पढ़ाई में अच्छी थीं। उन्होंने मैथ्स से ग्रेजुएशन किया और फिर मार्केटिंग में पोस्ट पोस्टग्रेजुएशन करने के बाद कॉर्पोरेट जॉब भी की। एक सामान्य नौकरी से एक्टिंग की दुनिया में आना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन किस्मत ने उनका साथ दिया।



उन्हें टीवी शो 'स्वाभिमान' में काम करने का मौका मिला और यहीं से उनके करियर की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्होंने 'बनेगी अपनी बात', 'कोशिश' और 'हू ब हू' जैसे कई लोकप्रिय धारावाहिकों में काम किया और धीरे-धीरे टीवी की दुनिया में अपनी पहचान बना ली।

टीवी के बाद उन्होंने फिल्मों की ओर रुख किया और साल 2002 में साथिया में उन्हें बड़ा मौका मिला। इस फिल्म में रानी मुखर्जी और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में थे, जबकि संध्या ने रानी मुखर्जी के किरदार की बहन दीना का रोल निभाया था। फिल्म की कहानी एक ऐसे कपल की है, जो परिवार के खिलाफ जाकर शादी करते हैं और बाद में जिंदगी की मुश्किलों का सामना करते हैं। संध्या का किरदार भले छोटा था, लेकिन उनकी दमदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यही वजह थी कि लोग उन्हें नोटिस करने लगे और उनके काम की तारीफ हुई।

इसके बाद संध्या मृदुल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। साल 2005 में आई 'पेज 3' में उन्होंने एयर होस्टेस का किरदार निभाया, जिसे क्रिटिक्स ने खूब सराहा। यह फिल्म भी सफल रही। उन्होंने 'हनीमून ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड', 'डेडलाइनः सिर्फ 24 घंटे' और 'द ग्रेट इंडियन बटरफ्लाई' जैसी फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की।

संध्या सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहीं। उन्होंने टीवी और वेब सीरीज में भी काम किया और हर प्लेटफॉर्म पर अपनी छाप छोड़ी। 'झलक दिखला जा' में वह फर्स्ट रनर-अप रहीं, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ी। उनकी मेहनत और प्रतिभा के लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स और नॉमिनेशन भी मिले, जिनमें 'पेज 3' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान शामिल है।

अपने करियर के दौरान संध्या ने कई मुश्किलों का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों को चुना और अपनी एक्टिंग से दर्शकों को प्रभावित किया।

# जब शाहरुख खान ने पहले ही कर दी रणवीर सिंह के बड़े स्टार बनने की भविष्यवाणी



**यह** कहना गलत नहीं होगा कि साल 2025 और 2026 रणवीर सिंह के नाम रहा। अभिनेता ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि साल 2010 में यशराज फिल्म्स की फिल्म 'बैंड बाजा बारात' से फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाला बिट्टू शर्मा धुरंधर बनकर सिनेमा पर छाने वाला है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शाहरुख खान ने अभिनेता के अभिनय की परख पहली ही फिल्म में कर दी थी और उसी वक्त कह दिया था कि ये आ गया है, अब हमारा क्या होगा? रणवीर सिंह का करियर महज़ एक अभिनेता की शुरुआत नहीं थी, बल्कि पर्दे पर एक ऐसी ऊर्जा का विस्फोट था जिसे हिंदी सिनेमा ने दशकों से महसूस नहीं किया।

अभिनेता के एनर्जी लेवल की हमेशा तारीफ होती है, और उन्होंने समय-समय पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया, चाहे वह लुटेरा में खामोशी से दर्शकों का दिल जीतना हो, या फिर राम-लीला और बाजीराव मस्तानी से फैंस का दिल धड़काना हो। अभिनेता ने हर किरदार से सिनेमा में अपने कदमों को मजबूती से जमाया है।

रणवीर की इसी प्रतिभा को शाहरुख खान ने उनकी पहली फिल्म बैंड बाजा बारात में ही पहचान लिया था। अभिनेता को पहली फिल्म में फिल्मफेयर के बेस्ट डेब्यू एक्टर के अवॉर्ड से नवाजा गया था। स्टेज पर रणवीर किसी बच्चे की तरह अवॉर्ड लेते वक्त रोए थे और फिल्ममेकर यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा का दिल से धन्यवाद दिया था। अभिनेता के लिए यह बहुत बड़ी बात थी कि अवॉर्ड उन्हें शाहरुख खान के हाथों से मिला था। शाहरुख खान ने भरी स्टेज पर कहा था कि तू क्यों हो रहा है? अब रोने का समय तो हमारा है क्योंकि हिंदी सिनेमा में तू जो आ गया है, अब पता नहीं, हमारा क्या होगा।

शाहरुख ने रणवीर को बॉलीवुड का सबसे खूबसूरत और उभरता सितारा कहा था, हालांकि उस वक्त अभिनेता स्टेज पर सिसकते हुए थोड़ा सा हंसने की कोशिश कर रहे थे। रणवीर का करियर ऐंवई ऐंवई लूट गया से शुरू होकर अब धुरंधर-2 के आरी-आरी तक सफल मुकाम पर पहुंच गया है, जिसका इंतजार हर अभिनेता अपने फिल्मी करियर में करता है और बहुत कम लोग ही इस मुकाम तक पहुंच पाते हैं।

# डेफ लेपर्ड के गानों पर झूम उठीं बॉलीवुड की 'डिंपल गर्ल' प्रीति जिंटा



**अभिनेत्री** और पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा इन दिनों भारत में ही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ रॉक बैंड डेफ लेपर्ड का लाइव कॉन्सर्ट देखा। अभिनेत्री ने इस इवेंट में शामिल होने का श्रेय अभिनेता डिनो मोरे को दिया। प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट की तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए। इसमें अभिनेत्री के दोस्त और अभिनेता डिनो मोरे भी नजर आ रहे हैं। प्रीति ने लिखा, 'कभी-कभी आखिरी समय पर बने प्लान सच में कमाल के होते हैं। मेरे कॉन्सर्ट पार्टनर डिनो मोरिया को बहुत-बहुत धन्यवाद।' उन्होंने बताया कि उन्हें इस कॉन्सर्ट में बहुत मजा आया। मुंबई की तेज गर्मी भी उनके जोश को कम नहीं कर पाई। पूरा अनुभव शानदार रहा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'सच कहूं तो मुझे सिर्फ चार गाने ही पता थे, लेकिन फिर भी मैं बहुत खुश होकर लौटी क्योंकि बैंड ने ठीक उन्हीं गानों को बजाया जिन्हें मैं जानती थी।' प्रीति ने आगे लिखा कि ऐसे आखिरी समय के प्लान, सच्चे दोस्त जो हर वक्त साथ दें और एक जोरदार रॉक कॉन्सर्ट। ये सब मिलकर पुरानी यादों को ताजा कर देते हैं। उन्होंने खास तौर पर एक गाने का जिक्र किया। पोस्ट में पीएस लिखते हुए उन्होंने लिखा, पोर सम शुगर ऑन मी वो गाना था जिसे मैं तब बार-बार सुनती थी जब पहली बार मुंबई आई थी। अब लगता है जैसे जिंदगी ने पूरा चक्कर लगाकर फिर उसी जगह आकर खड़ी हो गई हो। बता दें कि डेफ लेपर्ड इंग्लैंड के शेफील्ड का एक बेहद प्रसिद्ध ब्रिटिश रॉक बैंड है, जिसका गठन 1977 में हुआ था। यह 1980 के दशक की शुरुआत में हार्ड रॉक और हेवी मेटल के सबसे सफल बैंडों में से एक बना।

# दिल्ली में मार्च की गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, 20 प्रतिशत अधिक बारिश भी बेअसर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल मार्च के महीने में मौसम का दोहरा रूप देखने को मिला है। मौसम विभाग के आंकड़ों पर जाएं तो मार्च में सामान्य से 20 प्रतिशत अधिक वर्षा होने के बावजूद गर्मी ने सालों सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि फरवरी के बाद मार्च का महीना भी सामान्य से अधिक गर्म रहा है, जो आने वाले अप्रैल और मई माह में भी भीषण गर्मी का संकेत दे रहा है। मौसम विभाग इस साल पहले ही मार्च से मई माह के दौरान प्रचंड गर्मी पड़ने का पूर्वानुमान जारी कर चुका है। - बढ़ता तापमान : इस मार्च में औसत अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। 11 मार्च को तापमान 36.8 डिग्री तक जा पहुंच गया था। 2022 में मार्च का औसत अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रहा था। इस साल मार्च की रातें भी चार वर्षों में सबसे गर्म रही हैं। औसत न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य (15.6 डिग्री) से काफी अधिक है। इससे पहले मार्च 2022 में यह 17.6 डिग्री रहा था।

29 मार्च तक दिल्ली में 19.5 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य (16.2 मिमी) से 20 प्रतिशत अधिक है। इसके बावजूद तेज धूप और पश्चिमी विक्षोभ के कम प्रभाव के कारण गर्मी कम नहीं हुई। छोटा होता वसंत : विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में वसंत ऋतु का समय लगातार कम होता जा रहा है और सर्दियां खत्म होते ही सीधे तेज गर्मी का अहसास होने लगा है।

रविवार को भले ही येलो अलर्ट के बावजूद मौसम विभाग का आंधी-वर्षा का पूर्वानुमान बहुत सही न निकला हो, लेकिन अब सोमवार के लिए भी मौसम विभाग ने यही जारी किया है। दिन भर बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने के साथ साथ हल्की वर्षा होने के भी आसार हैं। उधर रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो मौसमी औसत से 3.6 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसमी औसत से 1.7 डिग्री अधिक है। हवा में नमी का स्तर 83 से 36 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली की हवा फिलहाल साफ ही चल रही है। रविवार को औसत एक्यूआई198 यानी ''मध्यम'' श्रेणी में दर्ज किया गया। हाल फिलहाल इसमें अधिक बदलाव की संभावना नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सरकार ने बिजली, फ्री बस यात्रा पर सब्सिडी बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा स्कीम और बिजली के लिए दिल्ली



सरकार का सब्सिडी बजट बढ़ गया है, जबकि इस साल के रिवाइज्ड बजट अनुमान के अनुसार इसके बड़ी आइटी परियोजनाओं लिए फंड में कटौती की गई है। वित्त विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए रिवाइज्ड एस्टीमेट (आरई) के आंकड़ों से पता चला है कि बिजली सब्सिडी के लिए खर्च बढ़ाकर लगभग 4,200 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि इस साल के लिए बजट एस्टीमेट (बीई) 3,849 करोड़ रुपये था। यह बदलाव उपभोक्ताओं के नंबर बढने के कारण बिजली सब्सिडी स्कीम के तहत बकाया चुकाने और ज़्यादा मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया है। बता दें कि दिल्ली सरकार महीने में 200 यूनिट तक फ्री बिजली देती है और 201 से 400 यूनिट इस्तेमाल करने वालों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। परिवहन विभाग के आरई से पता चला है कि डीटीसी बसों में महिला यात्रियों के लिए डीटीसी को सब्सिडी 240 करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) के मुकाबले बढ़कर 328 करोड़ रुपये हो गई है। फ्री यात्रा के लिए क्लस्टर सेवा की सब्सिडी को भी 2026-27 में 200 करोड़ रुपये के बीई अनुमान से बढ़ाकर 342 करोड़ रुपये कर दिया गया है। कुल मिलाकर महिला यात्रियों को दी जाने वाली सब्सिडी की कुल रकम 440 करोड़ रुपये के बीई अनुमान के मुकाबले बढ़कर 670 करोड़ रुपये हो गई है। बजट आई दस्तावेजों के मुताबिक सूचना प्रोद्योगिकी विभाग का 2025-26 वित्त वर्ष के लिए 690.5 करोड़ रुपये का खर्च था, लेकिन मौजूदा खर्च के लिए संशोधित अनुमान सिर्फ 215 करोड़ रुपये है, जो लगभग 69 प्रतिशत की भारी कमी है। अधिकारियों ने कहा कि आरई अनुमान यूनिफाइड डेटा हब प्रोजेक्ट सहित कई आईटी पहलों में कटौती दिखाते हैं, जिसके लिए 250 करोड़ रुपये दिए गए थे। परियोजना के लिए आरई को घटाकर अब छह करोड़ रुपये कर दिया गया है, क्योंकि मौजूदा वित्तीय वर्ष खत्म होने वाला है। अधिकारियों ने कहा कि अलग-अलग ई-गवर्नेंस इनिशिएटिव के लिए बजट 150 करोड़ रुपये से घटाकर सिर्फ 15 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### चलती कार से नाबालिग ने बाइकर पर पानी का गुब्बारा मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने भलस्वा फ्लाईओवर पर एक खतरनाक घटना का



संज्ञान लिया है। 27 मार्च को एक चलती कार से नाबालिग बच्चे द्वारा बाइक सवार पर पानी के गुब्बारे फेंके जा रहे थे, जिससे एक बाइकर अपना संतुलन खो बैठा और बाल-बाल दुर्घटना से बच गया। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। वीडियो में दिख रहा है कि बच्चा कार की पिछली सीट पर बैठकर बार-बार पानी के गुब्बारे फेंक रहा था। सामने वाली सीट पर बैठी महिला इस घटना पर हंस रही थी, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'यह मजाक नहीं है, यह अपराध है।' दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत चालान जारी कर दिया है। पुलिस ने इसे खतरनाक ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन माना है।

## भारत ट्राइब्स फेस्ट में जनजातीय उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री, लोकल से ग्लोबल बन रहे कारीगर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुदूर इलाकों में रहने वाली जनजातियां जल, जंगल और जमीन को सहेजने के गौरवशाली इतिहास को स्वयं में समेटे हुए हैं। बावजूद इसके यह भी सच्चाई है कि लंबे समय तक इनकी मेहनत और संसाधनों का इन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाया। अब वनोपज हो, कृषि उत्पाद हो या फिर पारंपरिक कौशल नए अंदाज के साथ न केवल ग्लोबल मार्केट का हिस्सा हैं, बल्कि उनकी जरूरत भी बन गए हैं। इसकी बानगी सुंदर नर्सरी में 18 मार्च से चल रहे भारत ट्राइब्स फेस्ट-2026 में देखने के मिल रही है। 28 मार्च तक जनजातीय हस्तशिल्प, बुनाई व कढ़ाई के साथ ही वनोपज उत्पादों की बिक्री तीन करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई। जबकि पिछले वर्ष यही आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आदि महोत्सव के नाम से हुआ था, जिसमें लगभग दो करोड़ की बिक्री हुई थी। इस बार देशी-विदेशी ग्राहकों की लगातार पहुंच और उनकी मांग को देखते हुए भारत ट्राइब्स फेस्ट का आयोजन छह दिन के लिए बढ़ाना पड़ा। एलीट तबके को जोड़ने के लिए फेस्ट में इस बार जनजातीय कार्य मंत्रालय ने अपने नए प्रीमियम ब्रांड ''रीसा : टाइमलेस ट्राइबल'' को भी लांच किया। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ के मुताबिक लोकल से ग्लोबल तक की इस यात्रा को सुगम बनाया है अबू जानी-संदीप खोसला, मनीष त्रिपाठी, अंजू मोदी, गौरव जय गुप्ता और समीरा दलवी जैसे प्रसिद्ध फैशन डिजाइनरों के साथ ने।

## ई-मेल से बम की धमकी देकर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने मैसूरु से दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी दफ्तरों, स्कूलों और अदालतों को फर्जी बम धमकी वाले ईमेल भेजकर दहशत फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने कर्नाटक के मैसूरु से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रीनिवास के रूप में हुई है, जो मैसूरु के ब्रिंदावन लेआउट, सेकंड फेज, सिक्स्थ क्रॉस स्थित एक मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह कम समय में कई धमकी भरे ईमेल भेज रहा था, जिसमें विस्फोट की चेतावनी दी जाती थी, जिससे विभिन्न संस्थानों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले एक महीने से लगातार मिल रही फर्जी बम धमकियों को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई थी। तकनीकी इनपुट और सर्विलांस के आधार पर यह पता चला कि ये ईमेल मैसूरु से भेजे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि, दिल्ली पुलिस की टीम ने मैसूरु पहुंचकर अचानक छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में मैसूरु के वीवी पुरम थाना पुलिस की भी मदद ली गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी शहर में छिपकर ईमेल के जरिए धमकी भरे संदेश भेजता रहा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई सिम कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है, जिनका इस्तेमाल इन फर्जी संदेशों को भेजने में किया गया था। गहराई से जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी के साथ कोई और व्यक्ति भी इस साजिश में शामिल तो नहीं है।



## दिल्ली में हनुमान जयंती की धूम, 1000 से अधिक जगहों पर होगा आयोजन; सीएम से सार्वजनिक अवकाश की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हनुमान भक्तों में दो अप्रैल को हनुमान जयंती मनाने को लेकर तैयारियां तेज हैं। मध्य दिल्ली व नई दिल्ली की गलियों में स्थित स्थानीय मंदिरों से लेकर दिल्ली की प्रमुख मंदिरों में अभी से उत्साह का माहौल है। हनुमान जयंती पर मंदिरों में भव्य सजावट, हनुमान चालीसा का पाठ, भंडारे के साथ सुंदर झांकिया निकाली जाएंगी। एक अनुमान के अनुसार इस बार हनुमान जयंती पर एक हजार से अधिक आयोजन होंगे। आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, एलपीजी सिलिंडर की किल्लत अब दूर हो रही है। लिहाजा आयोजन भव्य होंगे। इन आयोजनों की भव्यता को देखते हुए दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के महासचिव सुरेश शर्मा ने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दो अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती से सनातनियों की अटूट आस्था जुड़ी है। इस दिन दिल्ली के विभिन्न इलाकों से भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएगी, जिनमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। यदि इस दिन अवकाश रहेगा तो बिना किसी बाधा के इन धार्मिक अनुष्ठानों और शोभायात्राओं में सम्मिलित हो सकेंगे। इस दिन छुट्टी होने से लोग परिवार के साथ सामूहिक रूप से उत्सव में शामिल हो सकेंगे।




कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर और यमुना तट स्थित मरघट वाले बाबा मंदिर सहित शहर के तमाम प्रमुख मंदिरों में भक्तों की मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए सेवादारों और सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया जाएगा। मंदिर से जुड़े प्रबंधन के अनुसार इसके लिए दिल्ली पुलिस से भी समुचित सुरक्षा मांगी गई है। साथ ही अपने स्तर पर सीसीटीवी और निजी गार्ड समेत अन्य की तैनाती की जा रही है।

## दिल्ली के शकूरपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**बाहरी दिल्ली,** एजेंसी। शकूरपुर इलाके की शिवाजी पार्क जेजे कालोनी में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। राहगीरों ने कालोनी के अंदर खाली पड़े हिस्से के पास युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल फोन या ऐसा कोई सामान बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और नजदीकी थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का भी मिलान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह के समय कुछ लोगों ने युवक को वहां पड़ा देखा, जिसके बाद सूचना दी गई। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

## ग्रेटर नॉर्थ अमेरिका रणनीति: देश की सुरक्षा का जिक्र कर बोले हेगसेथ, कहा- हमारा दायरा ग्रीनलैंड से गुयाना तक!

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** नॉर्थ अमेरिका' रणनीति का एलान किया। उन्होंने इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में क्षेत्रीय सुरक्षा की नई दिशा बताया। हेगसेथ ने फ्लोरिडा के डोरल स्थित यूएस सदर्न कमांड मुख्यालय में कहा कि इस रणनीति का दायरा ग्रीनलैंड से अमेरिका की खाड़ी और फिर पनामा नहर तक है। इसमें भूमध्य रेखा के उत्तर में स्थित सभी स्वतंत्र देशों और क्षेत्रों को 'तत्काल सुरक्षा सीमा' में शामिल किया गया है।



हेगसेथ ने कहा ग्रीनलैंड से इक्वाडोर और अलास्का से गुयाना तक हर स्वतंत्र देश और क्षेत्र ग्लोबल साउथ का हिस्सा नहीं है। यह हमारे इस महान पड़ोस में तत्काल सुरक्षा सीमा का हिस्सा है। उन्होंने भूगोल की भूमिका को भी रेखांकित किया और अमेजन और एंडीज पर्वत जैसी प्राकृतिक बाधाओं का हवाला दिया, जो उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों के रणनीतिक जिम्मेदारियों को अलग करती हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका क्षेत्रीय साझेदारों के सहयोग से उत्तरी गोलार्ध में अपनी सैन्य उपस्थिति और क्षमता को मजबूत करेगा। हेगसेथ ने आगे कहा 'उत्तरी गोलार्ध में अमेरिका को अपनी उपस्थिति और ताकत बढ़ानी होगी ताकि हम साझा सुरक्षा सीमा की रक्षा कर सकें। हर देश या तो उत्तरी अटलांटिक या उत्तरी प्रशांत से जुड़ा है और प्रत्येक देश अमेजन और एंडीज पर्वत जैसी प्राकृतिक बाधाओं के उत्तर में स्थित है।

## पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में नाराजगी; संबंधों पर पड़ रहा असर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान से उत्पन्न हो रहा आतंकवाद, भारत के लिए लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। अब एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका को कश्मीर पर नई दिल्ली की रेड लाइंस का सम्मान करना चाहिए और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से बचना चाहिए। इस सप्ताह थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। 'रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और संबंधों को सुधारने में समय लगेगा। लिसा कर्टिस, कीर्ति मार्टिन और सितारा गुप्ता द्वारा लिखित इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत-अमेरिका संबंध गंभीर रूप से डगमगा गए थे। इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर मतभेद और भारतीय सामान पर अमेरिका द्वारा लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ जैसे मुद्दे शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने से दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की गई है, लेकिन विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने जरूरी होंगे। रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया है कि भारत और अमेरिका के आर्थिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध भले ही मजबूत बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर मतभेद अभी भी मूलभूत बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली, पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवाद पर अमेरिका द्वारा ध्यान न दिए जाने से निराश है। रिपोर्ट में कश्मीर मुद्दे पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के प्रति भारत के लंबे समय से चले आ रहे विरोध को भी फोकस किया गया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि अमेरिका की ओर से मध्यस्थता के संकेत देने वाले बयान आपसी विश्वास को और नुकसान पहुंचा सकते हैं। संबंधों को सुधारने के लिए रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि अमेरिका को भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की बात करने से बचना चाहिए और आपसी सहमति वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हालांकि, रिपोर्ट में रक्षा सहयोग में तेजी से आ रही मजबूती का भी उल्लेख किया है। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष 10 वर्षीय रक्षा ढांचा समझौते का नवीनीकरण किया, जिसमें खुफिया जानकारी साझा करना, समुद्री सुरक्षा और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग शामिल है। आर्थिक संबंधों में भी सुधार के संकेत मिले हैं। इस वर्ष की शुरुआत में घोषित अंतरिम व्यापार समझौते में टैरिफ में कमी और प्रमुख क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने की प्रतिबद्धता शामिल है।



## सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मांगे राम पुत्र श्री गंगाराम, निवासी देवलावास, तहसील बुहाना, जिला झुंझुनूं (राजस्थान) के अविवाहित पुत्र ओमप्रकाश का देहान्त दिनांक 02 नवम्बर 2025 को हो गया है। उनके नाम पंजीकृत तीन वाहन हैं जिनका स्वामित्व अब परिवार के सदस्यों के नाम स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। पिकअप वाहन संख्या RJ18GB2365 मांगे राम (पिता) के नाम किया जाना प्रस्तावित है, जबकि बोलेरो वाहन संख्या RJ11UA2704 तथा वेलेनो वाहन संख्या RJ18CF7752 बिमला देवी (माता) के नाम स्थानांतरित किए जाने प्रस्तावित हैं। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस स्वामित्व परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर संबंधित प्रमाण सहित अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नामांतरण की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर दी जाएगी।

**जारीकर्ता:** मांगे राम, निवासी देवलावास, तहसील बुहाना, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

## कलयुग के अवतारी श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की शोभा यात्रा पर भगवा मय होगा सवाई माधोपुर

**सवाई माधोपुर,।** राजस्थान में पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ी श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा एक बार फिर चर्चा का विषय बनी हुई है सवाई माधोपुर के होटल फूड सर्किल में आज हिन्दुस्तान शिवसेना एवं सर्व हिन्दू समाज की प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया एवं राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंधी जीतू भईया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुऐ बताया कि दो अप्रैल को जिले में निकालने जानी वाली शोभा यात्रा इस बार पूरे हर्षोल्लास के साथ निकली जाएगी जिसमें में मुख्य रूप से श्री हनुमान जी की नौ फुट ऊंची एवं श्री गणेश जी की सात फुट ऊंची सजीव चलित झांकी ग्यारह निकली।

## वेस्ट बैंक में सीएनएन टीम से मारपीट के बाद आईडीएफ का एक्शन

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल डिफेंस फोर्स ने वेस्ट बैंक में अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की टीम के साथ मारपीट और हिरासत के मामले में बड़ा कदम उठाते हुए एक रिजर्व बटालियन की सभी ऑपरेशनल गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आईडीएफ ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस घटना की आंतरिक जांच पूरी कर ली गई है और वरिष्ठ अधिकारियों की सिफारिश पर संबंधित रिजर्व बटालियन को फिलहाल ऑपरेशनल ड्यूटी से हटा दिया गया है। सेना ने यह भी बताया कि बटालियन को अब प्रशिक्षण और अनुशासन सुधार प्रक्रिया से गुजरना होगा, ताकि पेशेवर और नैतिक मानकों को मजबूत किया जा सके।

**नेटजाह येहुदा बटालियन पर उठते सवाल:** जिस बटालियन पर कार्रवाई हुई है, वह नेटजाह येहुदा बटालियन की रिजर्व यूनिट है। यह यूनिट मूल रूप से अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदियों को सेना में शामिल करने के लिए बनाई गई थी, ताकि वे अपने धार्मिक नियमों का पालन करते हुए सेवा कर सकें। हालांकि, हाल के वर्षों में इस यूनिट पर कट्टरपंथी बसावट समूहों से जुड़े लोगों की भर्ती के आरोप भी लगे हैं, जिससे इसकी भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं। घटना पिछले सप्ताह वेस्ट बैंक के तैयासिर गांव में हुई, जहां ष्टहृहृ की टीम एक अवैध यहूदी बस्ती से जुड़े हमले के बाद की स्थिति को कवर कर रही थी। इस टीम का नेतृत्व संवाददाता जेरेमी डायमंड कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, मौके पर मौजूद सैनिकों ने टीम को करीब दो घंटे तक हिरासत में रखा। इस दौरान एक सैनिक ने फोटो जर्नलिस्ट सिरिल थियोफिलस को गले से पकड़कर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उनका कैमरा भी क्षतिग्रस्त हो गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com